हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, रविवार 23 मार्च 2025




# संगठन की बजाय विधायक ने मैदान में उतारा प्रत्याशी, पीसीसी ने मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

अलग खबर

नवीन जिला मोहला-मानपुर-चौकी के एकमात्र नगरीय निकाय के उपाध्यक्ष पद के लिए बुधवार को हुए चुनाव में कांग्रेस के तथाकथित प्रत्याशी को मिली करारी शिकस्त ने कांग्रेस संगठन में कोहराम मचा दिया है। विधायक भोलाराम साहू के इशारे पर कांग्रेस के पांच पार्षदों द्वारा संगठन की बैठक में नहीं पहुंचने के मामले में अब प्रदेश कांग्रेस ने अनुशासनहीनता की कार्रवाई करने के संकेत दिए हैं। नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में भगवाधारियों ने जिले के कांग्रेसी किले को तहस-नहस कर दिया है। अध्यक्ष के चुनाव के बाद क्षेत्रीय विधायक भोलाराम साहू ने नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद के लिए जिस तरह पार्टी की अनदेखी करते छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्रीद्वय शाहिद भाई, डॉ. थानेश्वर पाटिला, प्रदेश सचिव मेहुल मारू, जिला प्रभारी डॉ. आफताब आलम एवं जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर की अनदेखी की, उससे यह लगने लगा है कि विधायक भोलाराम साहू अब सीधे-सीधे छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं।

## अंबागढ़ चौकी नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुनाव में कांग्रेस को मिली हार

### छग कांग्रेस प्रभारी पायलट तक पहुंचा घटनाक्रम

खुज्जी विधानसभा के नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुनाव में विधायक भोलाराम साहू व कांग्रेस के 5 पार्षदों द्वारा की गई संगठन की बैठक का बहिष्कार व पर्यवेक्षक के रूप में आए पार्टी के प्रदेश स्तरीय नेताओं की अनदेखी का मामला बुधवार को ही कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट तक पहुंच गया है।



### रिपोर्ट पीसीसी के पास

उपाध्यक्ष चुनाव में विधायक भोलाराम साहू व कांग्रेस पार्षदों द्वारा संगठन की गई अनदेखी एवं शीर्ष नेताओं की अवहेलना पार्टी के अनुशासनहीनता की परिधी में आता है। प्रदेश संगठन को पूरी रिपोर्ट भेजी गई है। जिला कांग्रेस ने इस मामले में शीर्ष संगठन से कार्रवाई की मांग की है।

- **सुरजीत सिंह ठाकुर**, अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी

### पर्यवेक्षक से नहीं मिले

उपाध्यक्ष चुनाव के लिए छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पर्यवेक्षकों को यहां भेजा था। उन्होंने संगठन की बैठक साहू धर्मशाला में रखी थी। वे दो घंटे तक विधायक भोलाराम साहू व कांग्रेस पार्षदों की राह देखते रह गए और इधर क्षेत्रीय विधायक ने पार्टी की बैठक व चुनाव के लिए आए पर्यवेक्षकों से बिना मिले व चर्चा किए सीधे अपने पसंद के प्रत्याशी रितेश मेश्राम को चुनाव में उतार दिया। जिसकी सूचना मिलते ही प्रदेश कांग्रेस के ये सभी शीर्ष नेता वापस लौट गए।

---

## खबर संक्षेप

### लावारिस मिले बैग सहित लैपटॉप को आटो चालक ने किया पुलिस को सुपुर्द



**राजनांदगांव**। लावारिश हालत में मिले बैग एवं लैपटॉप को आटो चालक ने ईमानदारी का परिचय देते हुए बसंतपुर थाना पहुंचकर पुलिस को सुपुर्द किया।

पुलिस के अनुसार बृजेश शर्मा पिता दादाराम शर्मा 46 साल निवासी बसंतपुर वार्ड नं. 46 थाना बसंतपुर 21 मार्च को अपने लिनियो कंपनी का लैपटॉप को सुधार हेतु अपने घर से निकला था और शाम करीबन 4 बजे जिला अस्पताल के पास चाय पीने के लिए रूका था। चाय पीने के बाद अपना लैपटॉप बैग सहित वहीं पर भूलकर चला गया। उक्त लैपटॉप को थाना बसंतपुर क्षेत्रांतर्गत के आटो चालक सागर देवांगन पिता स्व. दुखित देवांगन 33 साल निवासी इंदिरा नगर ने थाना बसंतपुर को वह लैपटॉप मिलने पर ईमानदारी का परिचय देते गुमे हुए लैपटॉप को बैग सहित थाना बसंतपुर में लाकर जमा किया ▸▸ शेष पेज 14 पर

---

राजस्व, टीएनसी, निगम, पीडब्ल्यूडी व पीएम सड़क योजना से मांगी जानकारी

# 8 साल बाद बढ़ेंगे जमीन के सरकारी दाम, पांच विभागों को सर्वे का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जमीन के शासकीय बाजार मूल्य निर्धारण के लिए नई गाईड लाइन तैयार करने कवायद शुरू हो गई है। पंजीयन मुख्यालय से निर्देश आने के बाद पंजीयन विभाग द्वारा जमीन का सर्वे कराया जा रहा है। पंजीयन कार्यालय की ओर से राजस्व विभाग के तहसीलदार, पटवारियों से लेकर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी व प्रधानमंत्री सड़क योजना से डेवलपमेंट एरिया, प्रोजेक्ट के संबंध में जानकारी मंगाई गई है। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि आठ साल बाद जमीन के सरकारी दामों में बड़ा अंतर लाया जाएगा।

पंजीयन विभाग ने जमीनों की कीमत को लेकर गाईड लाइन तैयार करने समय-सीमा भी निर्धारित कर दी है और उप जिला मूल्यांकन समिति स्तर 31 मार्च तक प्रक्रिया पूरी करने कहा है। इसी तरह जिला मूल्यांकन समिति को 15 अप्रैल तक प्रस्ताव तैयार कर केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजना है। जमीनों के नई गाईड लाइन दर चार कालम के भीतर प्रस्तावित करने कहा गया है। इसमें हेक्टेयर एवं वर्ग मीटर में अचल संपत्ति मुख्य मार्ग पर स्थित, मुख्य मार्ग से अंदर है, इसको ध्यान में रखकर प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। नई गाईड लाइन दर के संबंध में निर्देश आने के बाद पंजीयन कार्यालय की ओर से किन-किन जगहों पर डेवलपमेंट हो रहा है और कहां-कहां जमीन की कीमतों में वृद्धि किया जाना है, इसका सर्वे कराया जा रहा है। इसके लिए राजस्व विभाग से तहसीलदार, पटवारियों से जानकारी मंगाई गई है। पंजीयन विभाग की ओर से टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, नगर निगम सहित पीडब्ल्यूडी, प्रधानमंत्री सड़क योजना से भी यह जानकारी मांगी है कि उनका किसी जगह पर प्रोजेक्ट चल रहा या आने वाला है, उसके अनुसार वहां के जमीन की गाईड लाइन दर में वृद्धि की जाएगी।



### 2017 के बाद से नहीं बढ़ी सरकारी दर

इसे लेकर कालोनाइजरों और जमीन के कारोबारियों में उत्सुकता बनी हुई है, क्योंकि छत्तीसगढ़ में वर्ष 2017 के बाद से गाईड लाइन दर में वृद्धि नहीं हुई है। पिछली सरकार ने गाईड लाइन दर में 30 प्रतिशत की छूट दी थी। जिससे बिल्डर, भूमाफिया और रियल स्टेट से जुड़े लोगों को बड़ा फायदा हुआ। हालांकि यह 30 प्रतिशत छूट अब समाप्त कर दी गई है।

### मांगी गई है जानकारी

जिला पंजीयक द्वारा अचल संपत्ति की नई गाईड लाइन दर के संबंध में निर्देश आने के बाद से पंजीयन कार्यालय की ओर से सर्वे किया जा रहा है। इसके अलावा राजस्व विभाग, टीएनसी, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, प्रधानमंत्री सड़क योजना आदि विभागों से भी डेवलपमेंट वाले एरिया एवं प्रोजेक्ट के संबंध में जानकारी मांगी है।

### रिहायशी कालोनियों की चौड़ी सड़क मानी जाएगी मुख्य मार्ग

किसी रिहायशी कालोनी या मुहल्ले में 40 फीट से अधिक चौड़ाई की सड़क मुख्य मार्ग मानी जाएगी। इसके अलावा इससे कम चौड़ाई की सड़क जो दो इलाकों को जोड़ने वाली परंपरागत सड़क के रूप में प्रयुक्त होती हो, वह भी मुख्य मार्ग मानी जाएगी। रोड से लगकर स्थित व्यवसायिक काम्प्लेक्स या आवासीय काम्प्लेक्स के लिए केवल रोड का ही दर प्रस्तावित किया जाएगा।

### सिंचिंत भूमि से कम होगी असिंचित की दर

अचल संपति का बाजार मूल्य गाईड लाइन दरों का निर्धारण करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखने कहा गया है कि कृषि भूमि केवल सिंचित भूमि की दर निर्धारित की जाए एवं असिंचित भूमि की दर सिंचित भूमि से 10 प्रतिशत कम किया जाए। गाईड लाइन तैयार करते समय समूचे नगर या ग्राम को एक समष्टि मानकर स्थानों, बसाहटों का सैद्धांतिक मूल्य सापेक्ष वर्गीकरण किया जाएगा। वर्गीकरण के दर निर्धारित किए जाएंगे एवं इन दरों को सैद्धांतिक वर्गीकरण के आधार पर समतुल्य कंडिकाओं में प्रतिस्थापित की जाएगी।

---

# होली पर्व पर खाना नहीं देने की बात पर पत्नी की हत्या

## फरार आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ साल्हेवारा



होली पर्व के दौरान खाना नहीं देने की बात पर पति-पत्नी के बीच विवाद इतना बढ़ा कि पति ने मारपीट कर पत्नी की हत्या कर दी। इस मामले में आरोपी फरार था। जिसकी पता तलाश कर पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार साल्हेवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत 15 मार्च को ग्राम लालपुर में हत्या की घटना घटित होने की सूचना पर स्टाफ के थाना प्रभारी धर्मेन्द्र वैष्णव ग्राम लालपुर पहुंचकर घटना के संबंध में प्रार्थिया नीराबाई एवं अन्य ग्रामीणों से पूछताछ की। इस दौरान बताया गया कि 14 मार्च को मांगीलाल बैगा ने अपनी पत्नी कुंवरिया बैगा 25 साल को होली त्यौहार में खाना नहीं देने की बात से नाराज होकर हाथ, मुक्का, लात एवं बांस के डंडा से मारपीट किया था। जिससे कुंवरिया बैगा की मृत्यु 15 मार्च को हो गई। प्रार्थिया की सूचना पर थाना साल्हेवारा में धारा 103(1) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया था।

### पुलिस टीम गठित

घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मांगीलाल बैगा फरार चल रहा था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा ▸▸ शेष पेज 14 पर

### घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा

पुलिस के अनुसार 22 मार्च को मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी मांगीलाल बैगा अपने घर गांव लालपुर आया हुआ है तथा लुक-छिप रहा है, जिस पर पुलिस ग्राम लालपुर जाकर आरोपी मांगीलाल बैगा को घेराबंदी कर आरोपी को पकड़कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को पूछताछ करने पर अपना जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी मांगीलाल बैगा पिता भागेला बैगा 33 साल साकिन ग्राम लालपुर थाना साल्हेवारा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना साल्हेवारा से उप निरीक्षक देवाराम भास्कर, सहायक उपनिरीक्षक गणेशराम निर्मल, प्रधान आरक्षक छत्रपाल पैकरा, अनंत रामटेके, दीपक भोई, आरक्षक भुवन पोर्ते, संजय दिवाकर, म.आर. गंगोत्री धुर्वे का विशेष योगदान रहा।

---

# पिता ने कुल्हाड़ी से बेटे पर किया प्राणघातक हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला अंतर्गत खड़गांव थाना क्षेत्र के ढोढरी में शुक्रवार की देर रात एक पिता द्वारा अपने पुत्र पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है।



घटना शुक्रवार की रात 10 बजे की बताई जा रही है। घायल युवक का नाम डेविड कुमार जाड़े पिता पीलूराम जाड़े है। कुल्हाड़ी के हमले से डेविड कुमार को सिर में गंभीर चोंट लगा हुआ है। डेविड कुमार के परिजनों ने घायल डेविड को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला में भर्ती करवाया है, जहां घायल डेविड कुमार का ईलाज जारी है। पिता ने अपने पुत्र डेविड कुमार पर किस वजह से प्राणघातक हमला किया है, इसकी जानकारी नहीं मिल पाया है।

### आरोपी फरार

वहीं घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पिता पीलूराम जाड़े घटनास्थल से फरार हो गया है। घायल युवक की मां ने बताया कि जब आरोपी ने हमला किया, तब सभी घर में सो रहे थे। वहीं मामले में मोहला पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर एमएलसी किया है।

---

अप्रैल के पहले सप्ताह में होगी सामान्य सभा

# एमआईसी में पास होगा नई शहर सरकार का पहला बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नई शहर सरकार अपना पहला बजट एमआईसी में पास करने वाली है। इसको लेकर तैयारियां भी शुरू कर दी गई है। हालांकि इस बजट में बहुत अधिक नए वादे शामिल नहीं किए जाएंगे। एमआईसी की पहली बैठक आने वाले इस सप्ताह में ही आयोजित की जाएगी। वहीं सामान्य सभा अगले महीने अप्रैल के पहले सप्ताह में होगी।

उल्लेखनीय है कि शहर की निगम सरकार हर साल फरवरी-मार्च महीने में अपना बजट पेश करती है, परन्तु इस बार फरवरी में चुनाव होने एवं मार्च के दूसरे पखवाड़े में एमआईसी के गठन के चलते बजट की तैयारियां निगम सरकार नहीं कर पाई है। यही कारण है कि लोक लुभावने वादे एवं नए विकास कार्यों को लेकर कोई प्लान ही शहर सरकार नहीं बना पाई है। जिसके चलते केवल प्रक्रिया को पूरा करने के लिए एमआईसी की बैठक में बजट प्रस्तुत कर पास किया जाएगा।

### पानी, सड़क प्राथमिकता



भले ही शहर सरकार ने अपने बजट को लेकर कोई प्लानिंग नहीं की है, लेकिन इस शहर सरकार की प्राथमिकता में पर्याप्त पानी, गड्ढे रहित सड़कें एवं बेहतर सफाई प्रदान करना है। यही कारण है कि महापौर मधुसूदन यादव भी लगातार पेयजल की समस्या को लेकर बैठकें कर रहे हैं। वहीं स्वयं पानी की उपलब्धता के लिए जलाशयों का दौरा भी किया।

---

# काम पर लौटने आदेश, विरोध में जलाई प्रतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नियमितीकरण की अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर बीते 17 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे ग्राम पंचायत सचिवों को 24 घंटे के भीतर काम पर वापस लौटने का आदेश जारी होने के बाद पंचायत सचिवों ने इस आदेश का विरोध जताते कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन स्थल पर पंचायत संचालनालय के आदेश की प्रतियां जलाकर प्रदर्शन किया।

पंचायत संचालनालय रायपुर द्वारा समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र के जरिये कहा गया है कि ग्राम पंचायत सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने की वजह से प्रदेश के ग्राम पंचायत का कार्य प्रभावित हो रहा है। हड़ताल के चलते ग्राम पंचायत द्वारा दी जाने वाली अनिवार्य सेवाओं तथा हितग्राहीमूलक शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न हो रही है, जिसे लेकर ग्राम पंचायत सचिवों के कार्यों की अनिवार्यता को दृष्टिगत रखते समस्त ग्राम पंचायत सचिवों को 24 घंटे के भीतर अपनी हड़ताल समाप्त कर अपने कार्य पर वापस लौटने का आदेश जारी किया जाए। वहीं इस निर्देश की अवहेलना करने पर ग्राम पंचायत सचिवों के विरुद्ध नियम अनुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की बात भी कही गई है।



### आदेश से आक्रोश

24 घंटे के भीतर अपना हड़ताल छोड़ काम पर वापस लौटने का आदेश जारी होने के बाद पंचायत सचिवों में आक्रोश है। पंचायत सचिव इस आदेश को अपने साथ अन्याय और इसे तुगलगी फरमान बता रहे हैं। वहीं इस आदेश के विरोध में प्रदर्शन करते आदेश की प्रतियां जलाकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### शिक्षा कर्मियों की तर्ज पर नियमितीकरण की मांग

ग्राम पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष दीपक वैष्णव ने कहा कि प्रदेश की सरकार ने अपने घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के तहत पंचायत सचिवों का नियमितीकरण करने की बात कही है, लेकिन कमेटी बनाने के बाद भी नियमितीकरण नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 11590 ग्राम पंचायत सचिव हैं। जिनका नियमितीकरण 2 लाख शिक्षा कर्मियों के संविलियन की तर्ज पर की जा सकती है। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिवों का नियमितीकरण कर शासकीय कर्मचारियों को मिलने वाला समस्त लाभ दिया जाए।

---

जनप्रतिनिधियों का संरक्षण होने के चलते नहीं हो रही कार्रवाई

# स्वच्छता सर्वे के दौर में भी ठेकेदारों की मनमानी आधे कर्मचारियों से हो रही ठेका वार्डों में सफाई!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

देशभर में सफाई को लेकर मिलने वाली रैंकिंग के लिए दिल्ली से स्वच्छता टीम शहर पहुंची हुई है। निगम प्रशासन अपनी रैंकिंग बढ़ाने के लिए जद्दोजहर कर रहा है, लेकिन दूसरी ओर वार्डों में सफाई का ठेका लेना वाले ठेकेदार जमकर मनमानी कर रहे हैं। अपना मुनाफा कमाने के लिए ठेके वार्ड में तय संख्या से आधे कर्मचारियों के सहारे ही सफाई कार्य कराया जा रहा है। अधिकांश वार्ड का ठेका सत्ताधारी दल के नेताओं द्वारा ही महिला समूह की आड़ में संचालित किया जा रहा है। इसमें एक नेता के पास दो से तीन वार्ड के ठेके भी हैं। मजेदार बात यह है कि निगम के अफसरों के पास भी लगातार ऐसी शिकायतें पहुंच रही है, लेकिन इसके बावजूद राजनीतिक संरक्षण के चलते अफसर कार्रवाई करने से पीछे हट रहे हैं। ऐसी मनमानी के चलते शहर में सफाई की स्थिति बिगड़ रही है। इतना ही नहीं कुछ वार्डों में पार्षदों के बीच भी ठेके के चलते ही विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। ज्ञात हो कि पिछले कई सालों से जनप्रतिनिधियों एवं उनके समर्थकों द्वारा सफाई ठेका लेने के चलते जहां सफाई व्यवस्था पटरी से उतर जाती है। वहीं अफसर भी कार्रवाई नहीं करते हैं।



### ठेके में 27 वार्ड

मिली जानकारी के अनुसार 51 वार्ड वाले शहर में कुल 27 वार्ड में सफाई का जिम्मा ठेके पर दिया गया है। इन ठेकेदारों को हर महीने एक से डेढ़ लाख रुपए का भुगतान निगम करता है। यानि हर महीने निगम आधे शहर की सफाई के लिए ही 30 लाख और सालाना साढ़े तीन करोड़ रुपए खर्च करता आया है। इसके बाद भी शहर की स्वच्छता रैंकिंग पिछले तीन सालों में लगातार नीचे ही आई है।

### मॉनिटरिंग की कमी, कार्रवाई भी नहीं

सफाई का ठेका लेने वाले ठेकेदारों द्वारा तय संख्या से आधे ही कर्मचारियों को सफाई के काम में लगाया जाता है। जिसके चलते उस इलाके में जहां सफाई प्रभावित होती है। वहीं ठेकेदारों का मुनाफा तीन गुना हो जाता है। नियम अनुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग को इसकी मॉनिटरिंग करनी है, लेकिन अफसर से लेकर कर्मचारी तक ठेकेदारों की मनमानी को नजर अंदाज कर देते हैं। राजनीतिक संरक्षण होने के चलते कोई कार्रवाई भी नहीं हो पाती है।


JOHN DEERE

ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!

## आवश्यकता है

जैन मोटर्स अधिकृत विक्रेता जॉन डियर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को केवल राजनांदगांव के लिए निम्न पद हेतु अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सेल्समेन | 5 पद |
| 2. | टेली कॉलर | 2 पद |
| 3. | कम्प्यूटर आपरेटर | 2 पद |
| 4. | ड्राइवर | 1 पद |

संपर्क स्थल : जैन मोटर्स

रायपुर नाका के पास, भारत साइकिल स्टोर के बगल में, जी. ई. रोड, राजनांदगांव.

संपर्क - 9977184777, 9827953976, 9406347697

## खबर संक्षेप

### पानी बचाने का संकल्प

**चिचोला।** ग्राम पंचायत रंगीटोला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित जल बचाने ग्रामीणों को जानकारी दी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विभा सिन्हा, सरपंच संगीता गोंड़, रोजगार सहायिका शीला सिन्हा ने पानी बचाने की शपथ



दिलाया। इस मौके पर सरपंच ने कहा कि भविष्य को देखते हुए पानी अनमोल है। पानी बचाना जरुरी है ताकि आने वाले दिनों में परेशान न होना पड़े। कार्यक्रम में महिलाएं शामिल हुई।

### सेजेस संविदा कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**अंबागढ़ चौकी।** छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ ने दो सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम मोहला एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्योधन यादव, जिला



अध्यक्ष मयूर एस. नरांजे एवं उपाध्यक्ष श्रध्दा गजभिए के नेतृत्व में कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपकर शिक्षा विभाग में संविलियन करने, वेतन वृद्धि की मांग किया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला सचिव नेहा जोशी, कोषाध्यक्ष यदेश्वर लोधी, संयुक्त सचिव वर्षा प्रधान, मोनिका मंडावी, रिजवाना तबस्सुम, रश्मि वर्मा आदि संविदा कर्मचारी उपस्थित थे।

### महापरीक्षा आज, रैली निकालकर किया प्रेरित

**छुईखदान।** प्राथमिक शाला जुझारा में राष्ट्रव्यापी उल्लास महापरीक्षा अभियान कल 23 मार्च को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक चलाया जाएगा। महापरीक्षा में सभी नव असाक्षरों का बुनियादी एवं संख्या ज्ञान का आंकलन किया जाएगा।



महापरीक्षा अभियान को लेकर गांव में रैली निकालकर और नारा,स्लोगन लेखन कर असाक्षरों को प्रेरित किया गया। प्राथमिक शाला जुझारा की शाला नायक कु देविका साहू और मानवी विश्वकर्मा ने बच्चों के साथ जुलूस निकाल कर लोगों को महापरीक्षा अभियान में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस दौरान प्रधानपाठक संजीव ध्रुव, मोहित धुर्वे, मुकेश साहू, राजबाई विश्वकर्मा एवं बालवाड़ी के बच्चे उपस्थित थे।

### सम्मान समारोह आज

**मुरमुंदा।** छत्तीसगढ़ झाड़े गड़रिया धनकर समाज ने मातृ शक्ति सम्मान सामाजिक सम्मेलन कल 23 मार्च को धनकर समाज भवन बोरिया खुर्द रायपुर में रखा है। सम्मेलन में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मोतीलाल साहू, मेयर मीनल चौबे, सुषमा तिलक साहू, उषा चंद्रहास निर्मलकर, जागेश्वर प्रसाद, लक्ष्मीनारायण महतो, अजय हंसा, गोविंद धनकर शामिल होंगे।

### रामायण सम्मेलन आज

**मुरमुंदा।** श्री राम जानकी मंडली एवं ग्रामवासी मुड़पार के तत्वावधान में कल 23 मार्च को रामायण सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में जय मां बम्लेश्वरी मानस मंडली मुड़पार, राजहंस मानस परिवार अंबागढ़ चौकी, जय सिद्धेश्वर मानस परिवार तिल्दा, विद्यादायनी जस झाकी मंडली धनडोगरी अपनी प्रस्तुति देंगी। यह जानकारी धनुष कंवर ने दिया।

### क्रिकेट मैच का हुआ समापन

**डोंगरगढ़।** बधियाटोला में आयोजित रात्रिकालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच गत दिनों खेला गया। समापन के अवसर पर अतिथि के रूप में गिरिश साहू, पार्षद भूपेन्द्र मरकाम, पार्षद राजा सेन एवं पार्षद किशोर अम्बादे



आदि ने विजेता बधियाटोला तथा उपविजेता लाल बहादुर की टीम पुरस्कृत किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

### स्काउट गाइड ने प्याऊ घर खोला

**डोंगरगढ़।** हाईस्कूल सेंदरी के स्काउट गाइड रोवर रेंजर ने रानी अवंतीबाई बाई लोधी बलिदान दिवस पर सड़क किनारे प्राचार्य किरण मिश्रा के मार्गदर्शन एवं व्याख्याता गोकुल जंघेल के निर्देशन और सरपंच रविकुमार मंडावी,




श्यामकुमार सिन्हा की उपस्थिति में प्याऊ घर प्रारंभ किया। स्काउट गाइड की इस पहल को बीईओ कौर मेडम, अध्यक्ष दविंदरसिंह भाटिया, अर्चना द्विवेदी, जानकी साहू, पुष्पेंद्र वर्मा, रोहित देवांगन, टीकम दास साहू, रामनाथ भैंसारे, मंथीरदास साहू ने सराहा है। प्याऊ घर का संचालन स्काउट मास्टर लेखराम वर्मा द्वारा किया जाएगा।

### सफाई और पेयजल के इंतजाम की तैयारी

**डोंगरगढ़।** चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान शहर की सफाई के साथ पेयजल व्यवस्था महत्वपूर्ण होगी। दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रख कर नगर पालिका द्वारा मंदिर परिसर से मुख्य मार्ग तक सफाई करने कर्मचारी की ड्युटि लगाई जाएगी। निर्धारित 9 जगहो में प्याऊघर खोलने की तैयारी है। सीएमओ सीके शर्मा ने बताया की नवरात्रि प्रारंभ होने पर जरूरत के हिसाब से और भी व्याऊघर खोले जा सकते है। उन्होने बताया की मेला ग्राउंड में लगने वाले स्टालों की तैयारी शुरू हो गई है। मैदान को समतल किया जा रहा है।

### न्याय पदयात्रा 25 को

**डोंगरगढ़।** नक्सल पीड़ति परिवारों ने अपने अधिकारों को लेकर आगामी 25 मार्च को न्याय पदयात्रा निकालेंगे जिसमें प्रदेशभर के नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवार शामिल होंगे। राजनांदगांव से रायपुर तक निकाली जाने वाली इस यात्रा के दौरान पुलिस सुरक्षा की मांग कलेक्टर व एसपी से की गई है। यह पदयात्रा भाजपा कार्यालय राजनांदगांव के सामने से आरंभ होकर गृहमंत्री निवास रायपुर तक जाएगी। नक्सल पीड़ितो के हक लिए संघर्षरत धीरेंद्र साहू ने बताया कि पीड़ति परिवारों के पुनर्वास के लिए 2004 में नीति बनाई गई है। इस नीति के तहत शासकीय नौकरी, आवास, सहायता राशि, शिक्षा प्रदान करने का प्रावधान है। उन्होंने आरोप लगाया कि समय सीमा के भीतर किसी भी पीड़ति परिवार को लाभ नहीं दिया गया। नियम का हवाला देकर योजना से वंचित किया जा रहा है।

## शासकीयकरण की मांग को लेकर आंदोलन लगातार जारी

# पंचायत सचिवों ने जलाया शासन का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

शासकीकरण नहीं होने से नाराज ग्राम पंचायतो के 210 सचिव गत 18 मार्च से ब्लॉक मुख्यालय में हड़ताल पर है। आंदोलन के क्रम में उन्होंने शासन के आदेश की प्रतियां जलाकर अपना विरोध जताया।

ब्लाक के सचिवों ने बताया कि बीजीपी ने चुनाव घोषणा पत्र में सरकार बनने पर 100 दिन के अंदर 11000 पंचायत सचिवों को नियमित करने का वादा किया था।

सत्ता मिलने के बाद सरकार उनकी अनदेखी कर रही है। उन्होंने बताया कि सचिव दिवस पर इंडोर स्टेडियम रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमनसिंह और अन्य मंत्रियों से शासकीकरण करने का निवेदन किया गया था जिसे स्वीकार कर कमेटी गठन किया गया। कमेटी का रिपोर्ट आने के बाद भी सरकार के ध्यान नहीं देने और बजट में शासकीकरण का प्रस्ताव नहीं होने के बाद आंदोलन किया जा रहा है।



### 30 साल से कार्यरत

जिला पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष लोकेश जांघेल ने बताया कि पंचायत सचिव 30 वर्ष से कार्यरत है और 32 विभाग का काम कर रहे हैं। शासन की सभी योजनाओं का काम समय पर पूरा करते हैं फिर भी सरकार चुनावी वादा भूल गई। अब हक के लिए आर पार की लड़ाई लड़ने पंचायत सचिव तैयार हैं। उन्होंने बताया कि मांग को दबाने संचालक पंचायत संचनालय ने आदेश जारी कर 24 घंटा में हड़ताल वापस लेने का अल्टीमेटम दिया है पर सचिवों ने प्रशासन के आदेश को हड़ताल पंडाल में जलाकर विरोध किया। उन्होंने कहा कि सचवि सरकार की धमकी से डरने वाले नहीं है, और आगे भी हड़ताल जारी रखेंगे। सचिव संघ के वरिष्ठ सदस्य लाला जंघेल ने कहा कि सरकार अपने वादे से मुकर रही है। शासन को तत्काल मांग पूरा करना चाहिए।

### पंडाल में उमड़े सचिव

इस मौके पर जिला सचिव संघ के जिला अध्यक्ष लोकेश जघेल, नीलेशसिंह, लाला जंघेल, बाला जंघेल, हिरेंद्र नगपुरे, आत्मा साहू, सागर जघेल, मुंशी श्रीवास, जोहन मेरावी, सुरेश झारियां, रमाकांत झारिया, तेजराम, हर्षित नेवारे, रामकुमार कलिहारे, रघुनंदन सहारे, कृष्णा सोनी, अखिलेश्वर, बाबूदास झारिया, मंजू देवांगन, सुक्रिता जंघेल, बिंदिया मानिकपुरी, सुरेश चंदेल, अशोक साहू, मधु जंघेल, रामबाई पाल, प्रीति राजपूत, रिंकेश्वरी, समीना खान, सुनीता साहू, उषा बंजारे, सुरेश झरिया, चंद्रेश सेन, झुमक साहू, भागवत मानिकपुरी आदि मौजूद थे। वहीं निर्वाचित सरपंच हेमंत वर्मा, संतोष यद्दु, दीपक बघेल, संदीप वैष्णव,चेतन वर्मा, छत्तर जंघेल, संजूसिंह खुसरो, बोधनसिंह, कुमार पाल, रुखुम वर्मा, अमरसिंह मेरावी, बल्लाराम पटेल आदि का कहना है कि उनके चुनाव जीतने के बाद सचिव हड़ताल में चले गए हैं जिससे पंचायत की स्थिति खराब हो गई है। कई सरपंचों को प्रभार नहीं मिला है। सभी ने सचिवों की मांगों को पूरा करने का आग्रह किया है।

## सचिवों की मांग पूरी करें सरकार

**डोंगरगांव।** शासकीयकरण की मांग को लेकर आंदोलित पंचायत सचिवों के बीच पहुंच कर जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव ने अपना समर्थन दिया और गांव की रीढ़ कहे जाने वाले सचिवों की मांग को अविलंब पूरा करने का आग्रह सरकार से किया।

इस मौके पर ब्लाक के सचिवों को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने मोदी की गारंटी के तहत संकल्प पत्र में पंचायत सचिवों को नियमित करने का वादा किया था। उसके वादे पर भरोसा कर पंचायत सचिवों ने भाजपा को सहयोग दिया किन्तु लेकिन सरकार बनने के बाद भाजपा ने पंचायत सचिवों की ओर से मुंह फेर लिया है जिसके चलते उनकी शासकीयकरण की मांग अब तक पूरी नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन होने के बाद भी प्रदेश की जनता परेशान है। पानी बिजली जैसी सुविधा के लिए लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। डबल इंजन सरकार क्या करना चाहती है यह आज तक लोगों के समझ में नहीं आया है जिसके कारण गांव के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पंचायत सचिवों को आंदोलन करने मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने पंचायत सचिवों की मांग को पूरा करने का आग्रह किया। इस दौरान ब्लॉक सचिव संघ के अध्यक्ष रामदुलार साहू, योगेश साहू, पुनमचंद साहू, कोमल साहू, निलेश गुर्वे, शशिकांत, मोनिका खत्री, ज्योति, राजकुमारी, मौसमी साहू, विजय साहू, डेमन साहू, पूनम साहू, अफरोज खान, शेराज खान, चमन साहू आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।



## स्वच्छता दीदियों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुज्जी

ग्राम गुंडरदेही में 22 मार्च को ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत छुरिया के तत्वावधान में महिला दिवस एवं स्वच्छता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

गांव में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस मौके पर स्वच्छता दीदियों, महिला समूह की सदस्यों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं रसोइयों को साड़ी एवं श्रृंगार सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया।समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव थी। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की। विशेष अतिथि प्रशांत ठाकुर, गोपालसिंग भूआर्य, अंजली धावड़े, हृदयराम चंद्रवंशी, हृदय देवांगन रमेश पिस्दा, सेवकराम, पन्ना देवांगन थे। इस मौके पर श्रीमती वैष्णव ने समाज एवं परिवार के कल्याण के लिए महिलाओं को आगे आने और आत्मनिर्भर बनने प्रेरित किया। इस मौके पर जनपद सीईओ होरीलाल साहू, सरपंच उमासिंह ठाकुर आदि मौजूद थे। संचालन विजय मालेकर ने किया।

## फर्जी केसीसी लोन मामला ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

- तीन साल पहले मामला आया था सामने
- अब तक दोषियों के नाम उजागर नहीं

जिला सहकारी बैंक शाखा मोहारा में लाखों का फर्जी केसीसी लोन का मामला उजागर होने के बाद भी अब दोषियों पर कार्रवाई नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार 2022- 23 में तत्कालीन शाखा प्रबंधक कुशेर सिंग के निधन बाद उपपंजीयक कार्यालय के अंकेक्षक रामकुमार महिलांगे ने मामले की जांच किया था। जांच के बाद दोषियों से वसूली की कार्रवाई होना चाहिए था। बताया जाता है कि मामले को रफादाफा करने का प्रयास किया जा रहा है। मामले में अब तक अधिकारी कर्मचारी और उन किसानों के नाम अब तक सामने नहीं आए हैं जिनके नाम पर ऋण निकाला गया है। अधिकारी यह भी नहीं बता रहे हैं कि दोषियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गई और राशि की वसूली कैसे होगी। इस मामले में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल ने बताया कि फर्जीवाडा का खुलासा होने पर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## 125 करोड़ के विकास कार्य मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला



विधायक इंद्रशाह मंडावी के प्रयास से विभिन्न 22 विकास कार्य की मंजूरी बजट में मिली है। स्वीकृत कार्यों में हलोरा-आमाकोड़ो-पीटेमेटा मार्ग 5 किमी पुल-पुलिया सहित, रेतेगांव-हुरेली मार्ग 4 किमी पुल-पुलिया सहित, रेतेगांव-मुचर मार्ग 4 किमी, हेरकुटुंब-धोबेदंड बाइपास मार्ग 8 किमी, कुदुरघोड़ा-देववाड़वी मार्ग 6 किमी, शेरपार-घोटिया मार्ग 6 किमी, मोहभट्ठा-गुबियागढ़ मार्ग 5 किमी, भीमपुरी-हर्राटोला मार्ग 3 किमी, करमतरा-हितकसा मार्ग 2 किमी, परसाटोला-कुंडेराटोला मार्ग 5 किमी, जामड़ी-तेरेगांव मार्ग 4 किमी, डोकला-खड़गांव मार्ग 3 किमी, डालाकसा-हर्राटोला मार्ग 3 किमी, मिचगांव-भावसा-चवेला मार्ग 3 किमी, खरदी संबलपुर मार्ग 3 किमी, तातोड़ा-हथरेल मार्ग 2 किमी, कौड़ीकसा अरजकुंड- पाटन मार्ग 25 किमी, चौकी सेम्हरबांधा मार्ग पर धानापायली नाला पर उच्च स्तरीय पुल, सेम्हरबांधा- पीपरखार मार्ग पर शिवनाथ नदी पर उच्च स्तरीय पुल, मानपुर में चेक पोस्ट कार्यालय भवन, नगर सेना प्रशासकीय भवन एवं स्टोर भवन, संयुक्त जिला कार्यालय भवन निर्माण के लिए लगभग 125 करोड़ की मंजूरी मिली है।

पीसीसी सदस्य संजय जैन, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर, लच्छू साबले, राजकुमार ध्रुव, अब्दुल खलीक, मीना मांझी, नोहरुराम कुमेटी, दिनेश शाह मंडावी, मनीष निर्मल, लगनूराम चंद्रवंशी, ऋषभ ठाकुर, हरि मिश्रा, बीदेराम नुरेटी, कुमारीबाई जुरेशिया, पन्ना मेश्राम, रामेंद्र गोआर्य, पुष्पा मंडावी, देवानंद कौशिक, सईदा खान, अगनूराम कुमेटी, अभिलाषा मेश्राम, गमिता लोन्हारे, योगेश पटेल, सरस्वती ठाकुर, लता साव, भूषण तिवारी, रामकेवल विश्वकर्मा, सुजान पुरामे, अवध चुरेंद्र, घसिया नाग, करण बोगा, बालचंद कोरेटी, बृजलाल दुग्गा, ललित ठाकुर, छाया उईके, सुशीला भंडारी, खेमिका बोगा, पुष्पा आतराम, बृजबती धुर्वे, रवेंद्र मांझी, राजू पोटावी, कांता ठाकुर आदि ने स्वीकृति के लिए विधायक मंडावी को धन्यवाद दिया है।

## विस में विधायक ने गिनाई समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़



विधानसभा के बजट सत्र में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने विभिन्न लंबित मांगों को प्रबलता के साथ उठाया है। उन्होंने शहर की बहुप्रतिक्षित वाई शेप ओवरब्रिज, परिक्रमा पथ की मांग को विधानसभा में रखा जिसके परिणाम स्वीकृति मिली है। परिक्रमा पथ का कार्य आरंभ हो गया है और वाई शेप ब्रिज का टेंडर होने वाला है। उन्होंने जल जीवन मिशन, लोक निर्माण, नगरीय प्रशासन, कृषि सहित अन्य विभागों से नवीन कार्यों की मांग रखी।

विधायक ने जर्जर सड़कों के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव बजट में शामिल कर कार्य आरंभ करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि गाडाघाट से लक्षणाटोला मार्ग, घाघरा से कटेमा मार्ग, तोतलभरी से उदरीछापर लक्षणाटोला कटेमा मार्ग के निर्माण को बजट में शामिल करने की मांग किया ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। उन्होंने मोहारा से बसंतपुर, रूवातला से सुकुलदैहान मार्ग, डोंगरगढ़- खैरागढ़ मेन रोड से कातलवाही पहुंच मार्ग, डोंगरगढ़ के तालाबों का सौंदर्यकरण एवं महावीर तालाब का सौंदर्यीकरण, बायपास रोड, वार्ड 1 में गार्डन, घुमका सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन, ठेलकाडीह में कॉलेज भवन, आत्मानंद स्कूल परिसर में स्टेडियम निर्माण का प्रस्ताव विधानसभा में रखा है।

## एलबी शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान देने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा ने उच्च न्यायालय के निर्णय के आधार पर शिक्षा विभाग से सभी एलबी संवर्ग के शिक्षकों का क्रमोन्नत वेतनमान का निर्धारण करने आदेश जारी करने तथा पात्रताधारी शिक्षकों क्रमोन्नत वेतनमान देने का आदेश जारी करने की मांग की है। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा, शैलेंद्र यदु, राकेश तिवारी, जीवन वर्मा, हंसकुमार मेश्राम, चंद्रिका यादव, ब्रजेश वर्मा, मनोज वर्मा, देवेंद्र साहू ने कहा कि क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ सभी एलबी संवर्ग के शिक्षकों को मिलना चाहिए।

## स्पर्धा में पूजा, तनु विजेता



- प्रतिभागियों ने जल संरक्षण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुनी

नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर में मार्गदर्शन में विश्व जल दिवस मनाया गया। इस मौके पर महाविद्यालय में पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. ठाकुर ने जल की बर्बादी से भविष्य में होने वाली समस्याओं से अवगत कराया एवं पानी बचाने के उपाय साझा किया। अतिथि व्याख्याता शुभि जैन एवं लीना साहु ने विश्व जल दिवस में थीम और वर्षा जल संग्रहण तकनीक के बारें में बताया। उन्होंने पानी बचाने के तरीके की जानकारी देकर छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। तत्पश्चात उपासना साहू, पुजा धनकर, मोनिका, चन्द्रप्रकाश साहु ने जल दिवस पर अपने विचार रखे। इस मौके पर आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम पूजा धनकर, द्वितीय फलेश्वरी साहू तथा पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम तनु ठाकुर एवं द्वितीय स्थान ओमलता साहु ने प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. ठाकुर ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. संजू सिंह तथा संचालन योगेन्द्र देवांगन ने किया। अंत में आभार व्यक्त हनी ठक्कर ने किया।

## वनांचल में सिविक एक्शन प्रोग्राम

# दर्द बांटने गांव पहुंच रही फोर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई के बीच आईजी दीपक झा तथा पुलिस कप्तान वायपी सिंह के नेतृत्व में फोर्स घोर नक्सल प्रभावित गाँव पहुंची। आईजी दीपक झा, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह तथा आईटीबीपी के अफसर ग्रामीणों से रूबरू होते हुए लाखों की सामग्री वितरित किया।

जिला पुलिस बल तथा आईटीबीपी ने गुरुवार को थाना औंधी एवं थाना सीतागांव अंतर्गत ग्राम निडेली, शारदा, मिचगांव , पेदोडी में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा,



पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह, आईटीबीपी के सेनानी मुकेश धसमाना, सेनानी विवेक पाण्डेय, डीएफओ दिनेश पटेल, एएसपी पिताम्बर पटेल, उप पुलिस अधीक्षक प्रशांतकुमार पैकरा पहुंचे थे। इस दौरान गरीबी में जीवन यापन कर रहे ग्रामीणों को बर्तन का सेट, फिल्टर, गैती, फावड़ा, तसला, छाता, देव पूजा के लिए बर्तन, बच्चो को खेल सामग्री, बैग, ट्राईसाईकिल, साइकिल वितरित किया गया।

### हथियार छोड़ वापस आएं

इस मौके पर आईजी दीपक झा ने लोगों को नक्सल आत्मसमर्पण नीति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आत्म समर्पितन नक्सलियों को आईटीबी कैम्प, थाना, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कलेक्टर कार्यालय या आईजी कार्यालय में नौकरी दी जाएगी। उन्होंने आह्वान किया कि हथियार छोड़ कर वापस आ जाएं तो उन्हे देंगे नई जिंदगी। पुलिस कप्तान श्री सिंह ने कहा कि किसी भी तरह की समस्या होने पर ग्रामीण कैंप थाना में उपस्थित होकर मौजूद अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।हर समस्या को पुलिस विभाग खत्म करने की दिशा में प्रयास करेगा।

**आवश्यकता है**

सोलिस सबसे ताकतवार मल्टी स्पीड ट्रेक्टर में सेल्समेन के पद पर कार्य करने के लिए लड़के की आवश्यकता है।
न्यूनतम आयु 18 वर्ष। योग्यता - 12वीं या स्नातक
1. खैरागढ़ - 5 पद
2. छुईखदान - 5 पद
25 मार्च तक अपना बायोडाटा लेकर उपस्थित होवें।
- सम्पर्क करने के लिए पता -
आर.डी. ट्रेक्टर्स, खैरागढ़
मो. 9644070791, 9691370791

## खबर संक्षेप



### शताक्षी मिली महामहिम से

**खैरागढ़।** संगीत नगरी मे राज्यपाल रमेन डेका के दो दिवसीय प्रवास के दौरान जिपं सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह ने उनसे सौजन्य मुलाकात की। जिले मे प्रथम आगमन और इंदिरा कला एवं संगीत विवि में उनकी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराने पर राजकुमारी शताक्षी देवव्रत सिंह ने राजपरिवार की ओर उनसे शिष्टाचार मुलाकात कर उनका स्वागत अभिवादन किया। क्षेत्र से संबंधित विविध विषयों पर महामहिम से चर्चा की इस दौरान उनके विचारों को जानकर प्रभावित राज्यपाल ने अपना समर्थन साथ उज्वल भविष्य की शुभकामना दी।

### हरडुवा में न्याय समिति का गठन

**राजनांदगांव।** ग्राम हरडुवा में नवनिर्वाचित सरपंच गंगेश्वर वर्मा पंच प्रमुख समस्त ग्रामवासियों के सहमति से ग्राम न्याय समिति का गठन किया गया। मीडिया प्रभारी रोहित वर्मा ने बताया कि न्याय समिति के अध्यक्ष अश्विनी जंघेल, उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण दुबे, सचिव शिवेन्द्र वर्मा, कोषाध्यक्ष संतराम साहू को पदभार के रूप में चयन किया गया। इस अवसर पर बहादुर वर्मा, रोहित वर्मा, विष्णु वर्मा, बाला वर्मा, डोमान सिंह, डॉ. ऋषि वर्मा, चोवा, खेलन, कमलेश, रवि कोटवार, ग्राम पटेल एवं पंचगण उपस्थित थे। गंगेश्वर वर्मा ने अपने उद्बोधन में सभी ग्रामवासियों का साथ एवं न्याय समिति को मजबूत कड़ी में लेकर साथ चलने लोगों को प्रेरित किया।

### अस्पताल निर्माण स्थल का किया निरीक्षण

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत ग्राम पंचायत धोबेदंड के समीप बन रहे जिला अस्पताल स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने यहां जिला अस्पताल के साथ ही मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय, प्रयोगशाला कक्ष का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कार्पोरेशन को सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अस्पताल निर्माण के लिए लाए गए सामग्रियों के उचित रखरखाव रखने कहा।

### निधन

#### तेजराम जांगड़े

**छुईखदान।** ग्राम धारिया निवासी तेजराम जांगड़े का 57 वर्ष की आयु में 21 मार्च को निधन हो गया। स्व जांगड़े अपने पीछे चार पुत्री और एक पुत्र का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। वह माया के फुलवारी सांस्कृतिक पार्टी के बैंजो एवं ऑर्गन वादक थे। रामायण, जस, फाग गायन में भाग लेते रहे हैं। कलाकारों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है।



## पंचायत सचिवों की हड़ताल, किया प्रदर्शन

# हड़ताल से वापस लौटने का अल्टीमेटम जलाई सरकार के आदेश की प्रतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



चौबीस घंटे के भीतर कार्यस्थल मे उपस्थित नही होने पर अनुशासनात्मक कारवाई संबंधी सरकारी आदेश की प्रतियां जलाकर पंचायत सचिवो ने विरोध प्रदर्शन किया। सोमवार 17 मार्च को राजधानी मे सांकेतिक रैली मे शामिल होने के बाद मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे सचिव ने सरकारी आदेश को तुगलकी फरमान बताते हुए कहा कि मोदी की गारंटी और प्रदेश सरकार के बजट मे पंचायत सचिवों के शासकीय करण की मांग को पूरा नहीं किए जाने से नाराज संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। प्रदेश इकाई के आव्हान पर सचिव संघ ने इसकी जानकारी प्रशासन को पहले ही सौंप दी है।

ब्लॉक अध्यक्ष जोगेश्वर धनकर सहित अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने अपने विधानसभा चुनावी एजेंडे और संकल्प पत्र में प्रदेश भर के पंचायत सचिवों के शासकीयकरण किए जाने की मांग को शामिल किया था। सरकार बनने के बाद पहले बजट में इसकी घोषणा नहीं हो पाई थी लेकिन इस बार के बजट मे उन्हें शासकीय करण की मांग को लेकर घोषणा होने की उम्मीद थी जिसे सरकार ने अनसुना करते हुए कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी। जिससे पंचायत सचिव संघ ठगा महसूस कर रहा है। राजधानी में सांकेतिक रैली कर सरकार को जगाने का प्रयास करने के बाद मंगलवार 18 मार्च से जनपद मुख्यालयों में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर वो काबिज है लेकिन सरकार उनकी मांगों को लेकर सकारात्मक पहल करने की जगह धमकी दे रही है।

### काम पर लौटे नहीं तो कार्रवाई की चेतावनी

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद सभी पंचायतों मे नए सरपंचों ने अपना पदभार ग्रहण किया है। जिसके बाद पंचायतों में अटके पुराने निर्माण कार्य, सहित अन्य योजनाओं के कार्यों का क्रियान्वयन होना है। ऐसे में पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का व्यापक असर पड़ रहा है। हितग्राही मूलक शासकीय योजनाओं को क्रियान्वयन नही हो पा रहा वही अनिवार्य सेवाए भी बाधित हो रही है जिसके चलते पंचायत संचालनालय द्वारा 24 घंटे के भीतर सचिव को काम मे नही लौटने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है। सचिव संघ के अध्यक्ष जोगेश्वर धनकर, नाजनीन नियाजी, सियाराम साहू, भागवत साहू, पूनऊ धुर्वे, टिकेश्वर वर्मा, धिराजी वर्मा, संतराम वर्मा, माखन मरकाम, सीमा जोशी, पुनीता साहू, ललिता यादव, संदीप धनकर, थानसिंह वर्मा, रमेश वर्मा, नूतन साहू, गैंदकुमार वर्मा, खुमान यादव सहित अन्य ने सरकारी आदेश को तुगलकी फरमान बताते हुए प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज किया और कहा कि मांग पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगी।

# जिपं के प्रथम सम्मेलन में नम्रता ने ली शपथ

## समारोह में शामिल हुए सांसद पांडे




हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी चौकी में नवनिर्वाचित जिला पंचायत पदाधिकारियों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे शामिल हुए और जनप्रतिनिधियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

सांसद पांडे ने कहा कि जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी का जिला पंचायत का प्रथम सम्मेलन बहुत ही ऐतिहासिक क्षण रहा और इस ऐतिहासिक क्षण के लिए बधाई देता हूं। हम सब सभी प्रतिनिधि अच्छे से जनता की सेवा करें।

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने कहा कि जिले के लिए ऐतिहासिक क्षण है। यह जिला प्रथम बार जिला पंचायत बना है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी को एक नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को वरिष्ठ नेताओं ने आशीर्वाद दिया है। इस अवसर पर राजनांदगांव जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गीता घासी साहू, जिला पंचायत सीईओ, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह, सदस्यगण एवं भाजपा कांग्रेस के नेताओं सहित अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

# दीवार पत्रिका उड़ान का विमोचन

## बैहाटोला प्राथमिक स्कूल में नवाचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

समग्र शिक्षा छग के निर्देशन में ब्लाक के बैहाटोला शासकीय प्राथमिक शाला में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष शैलेश पांडेय ने शाला के दीवार पत्रिका उड़ान का विमोचन किया।

बच्चों में लिखित अभिव्यक्ति कौशल को बढ़ावा देने के लिए राज्य शासन द्वारा स्कूलों में दीवार पत्रिका का प्रकाशन करने निर्देशित किया गया था, उक्त आदेश के परिपालन में बीईओ नीलम सिंह राजपूत, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान के मार्गदर्शन और जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी के निर्देशन में प्राइमरी स्कूल में दीवार पत्रिका का प्रकाशन किया गया और शाला परिवार ने बकायदा इसका नाम उड़ान रखा है।



### शाला के पहल की सराहना

दीवार पत्रिका एक मासिक पत्रिका है जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा गीत, कविता, कहानी, चित्र, सामान्य ज्ञान सहित स्थानीय खबरों को लिखकर लाया जाता है जिसे संपादक मंडल छात्र व शिक्षकों द्वारा चयन कर दीवार में प्रकाशित किया जाता है। इस नवाचार से बच्चों में पढने की एक स्वाभाविक प्रवृत्ति बन रही है, जिससे पठन, लेखन और अभिव्यक्ति कौशल तीनों क्षेत्र विकसित हो रहा है। प्रधान पाठक भगवती प्रसाद सिन्हा और शिक्षक रवि सिंह की उपस्थिति आयोजित विमोचन कार्यक्रम मे ग्राम वासियों ने शाला के इस पहल की सराहना की है।

# एचआईव्ही संक्रमित व्यक्ति से न हो भेदभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी

छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के सहयोग से जनकल्याण सामाजिक संस्थान राजनांदगांव द्वारा संचालित लिंक वर्कर स्कीम परियोजना के अंतर्गत परियोजना कार्यालय में छत्तीसगढ़ पीएल एचआईव्ही नेटवर्क (विहान) परियोजना के साथ समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी के परिचय से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रतिभागियों द्वारा नाम, पता, कार्यक्षेत्र व अनुभव की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम सत्र का शुभारंभ करते विहान परियोजना के कार्यक्रम समन्वयक विनोद लहरी द्वारा विहान परियोजना के उद्देश्य पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। परियोजना एचआईव्ही संक्रमितों के लिए कार्य करती है।

इसके अंतर्गत एचआईवी संक्रमित के साथ समाज में अनुकूल




वातावरण निर्मित करना। जिससे समाज में सामान्य व्यक्ति की तरह जीवनयापन कर सके, सामान्य व्यक्तियों को जीवन जीने का अधिकार है, उसी प्रकार एचआईवी संक्रमित व्यक्ति को समाज में अन्य व्यक्तियों की तरह समान रूप से जीने का अधिकार है। एचआईव्ही पॉजिटिव व्यक्तियों के लिए शासन द्वारा विभिन्न प्रकार की शासकीय योजना संचालित की जा रही है। जैसे बस पास, नोनी सुरक्षा योजना, एचआईवी संक्रमित बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना, श्रम कार्ड, राशन कार्ड योजना इत्यादि योजनाएं हैं। जिनका लाभ लिया जा सकता है। एचआईवी संक्रमितों के प्रति भेदभाव करना दंडनीय अपराध है, यदि कोई व्यक्ति किसी एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ भेदभाव करता है तो उसे कारावास या आर्थिक धन की सजा हो सकती है। शासन द्वारा एचआईवी एक्ट 2017 लाया गया है।

### करें सहयोग

जनकल्याण सामाजिक संस्था के अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि समाज में हमें सभी के प्रति समान भाव व व्यवहार रखना चाहिए। जिससे एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के प्रति भेदभाव का व्यवहार न हो, उनका हमेशा सहयोग व आत्मबल बढ़ाने हेतु उनका सहयोग करना चाहिए। सरकार की जो भी योजनाएं संचालित है उनका लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भी हमारा दायित्व है। इसे हमें निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम में विहान कार्यक्रम से विनोद लहरी, रेखा जायसवाल, लिंक वर्कर स्कीम परियोजना से जिला स्रोत समन्वयक जितेंद्र कुमार जंघेल, सुपरवाइजर राखीदेवी साहू, रेवा साहू, टीआई परियोजना से कार्यक्रम प्रबंधक नागेश्वर मुंजारे, काउंसलर सविता सिंह, सीमादेवी देवांगन एवं समस्त लिंक वर्कर उपस्थित थे।

# व्यक्तित्व विकास, करिअर संभावना पर कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पं. शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी राजनांदगांव में 19 से 21 मार्च तक व्यक्तित्व विकास एवं करियर संभावना पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन डॉ. विनम्रता जैन अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय के सफल मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। कार्यशाला के आयोजन सचिव डॉ. शिवाजी लिमजे ने बताया कि कार्यशाला में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को कृषि के क्षेत्र में संभावनाएं और अवसर" पर जानकारी प्रदान की। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे पीएससी, यूपीएससी, जेआरएफ नेट, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास इत्यादि विषयों पर चर्चा भी की गई। वेटरनरी कॉलेज अंजोरा के सहायक प्राध्यापक डॉ. रामचंद्र रामटेके ने पशुपालन व्यवसाय की बारिकियों को समझाया। कृषि में स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने के लाभदायी तरीकों को स्वदेश अग्रवाल ने बताया। व्यक्तित्व विकास का करिअर में महत्त्व पर विस्तृत जानकारी डॉ. आरएन गांगुली ने दी।

### दी गई आवश्यक जानकारी

कार्यक्रम के समापन अवसर पर विशेष अतिथि एनएल पांडे उप संचालक कृषि राजनांदगांव ने प्रतिभागियों को कृषि विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं के साथ कृषि की बारिकियों को साझा किया एवं बताया कि कृषि स्नातकों के लिए रोजगार की अपार संभावनाएं है। कार्यशाला में उद्यानिकी महाविद्यालय राजनांदगांव की डॉ. जयालक्ष्मी गांगुली प्राध्यापक के साथ ही डॉ. नितिन तुर्रे, डॉ. मनोज चंद्राकर, डॉ. अभय बीसेन, डॉ. ललित रामटेके, डॉ. डिकेश्वर ने कृषि के भविष्य में उपयोगिता हेतु जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिवाजी लिमजे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

### पटेवा में गहराया जलसंकट

**पटेवा।** ग्राम पंचायत पटेवा में इन दिनों पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। जलसंकट की आहट जनवरी माह के शुरुआती दिनों से सुनाई देने लगी थी। ग्राम की नल जल व्यवस्था ठप्प है। ग्राम का जल स्तर नीचे चला गया है जिसके कारण हैंडपंपों से पानी निकलना बंद हो गया है। कुछ स्थानों पर पंप लगा है जो एक दो घंटे चलने के बाद बंद हो जा रहे है। लोगों को पानी के लिए काफी परेशान होना पड़ रहा है। ग्राम में नल जल योजना शुरू होने के पहले लोग कुआं एवं हेंडपम्प से अपनी प्यास बुझाते थे, किन्तु कुओं की साफ सफाई नहीं होने से उनका अस्तित्व समाप्त होने के कगार पर है। कुछ कुओं को पाट दिया गया है। जलस्तर जिस तेजी से कम हो रहा है उससे तलाब भी सूख जाएंगे।

# गांव के विकास में नहीं आएगी कमी

- होली पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगांव क्षेत्र के ग्राम रुदगांव युवा ब्रदर्स फाग उत्सव समिति बरसनटोला में राधा-कृष्ण नवयुवक फाग उत्सव समिति एवं किरगी ब जय मां शारदा सेवा एवं फाग मंडली द्वारा दो दिवसीय फाग एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य विभा साहू शामिल हुई।

इस अवसर पर जिपं सदस्य श्रीमती साहू ने कहा कि गांव में ऐसे आयोजन से दो दिन पूरा गांव भक्ति में डूबा रहता है। होली का यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते कहा कि जिस आशा और विश्वास से आपने मुझे जनप्रतिनिधि चुना है, मैं उसे कायम



रखते अंतिम व्यक्ति के विकास तक कार्य करने का प्रयास करूंगी। फाग प्रीतियोगिता में छत्तीसगढ़ के जिलों से लगभग 25 से 30 प्रतिभागी मंडलियों ने भाग लिया।

विजेता मंडलियों को मुख्य पुरस्कार, श्रेष्ठ पुरस्कार वदन, गायन, अनुशासन एवं वेशभूषा आदि पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर योगेश सोनकर, जीतेश्वर साहू, भूपेन्द्र यादव, भूपेन्द्र सोनकर, दिनेश्वर सोनकर, छबिल सोनकर, पवन सोनकर, पुरषोत्तम सोनकर, चंद्रशेखर सोनकर, डिलेश निषाद, देवेंद्र सोनकर, संदीप मेश्राम, भीखम साहू, योगेंद्र सोनकर, गौरव नेताम, ओमप्रकाश साहू, पूनम पटेल, टीकम साहू, प्रकाश पटेल, द्वारिका गंजीर सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## मोखली में फाग स्पर्धा में 25 मंडलियों ने लिया हिस्सा

# होली पर्व प्रेम-सौहार्द्र और भाईचारे की देता है सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगांव स्थित ग्राम मोखली में राधाकृष्ण फाग उत्सव समिति ने एक दिवसीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें लगभग पच्चीस मंडलियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य विभा साहू व अध्यक्षता जनपद सदस्य टुम्मन साहू ने की। विशिष्ट अतिथि सरपंच सोहाद्र साहू, उपसरपंच नूतन साहू, लोकेश्वर साहू थे।

इस अवसर पर विभा साहू ने कहा कि हिरण्कश्यप जैसे असुर भगवान विष्णु के नाम से भी चिढ़ते थे, लेकिन उनके ही पुत्र प्रहलाद विष्णु के अनन्य भक्त थे।

हिरण्यकश्यप की बहन होलिका प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठ जाती है और होलिका भस्म हो जाती है। वहीं प्रहलाद विष्णु भक्त होने के कारण बच जाते हैं। उसी दिन से होलिका दहन किया जाता है




और दूसरे दिन होली का त्यौहार मनाया जाता है। श्रीमती साहू ने कहा कि यह त्यौहार हमें प्रेम-सौहार्द्र और भाईचारे की सीख देता है।

इस अवसर पर विजय कुमार, पुनेश्वर निषाद, रामेश्वर साहू, टुमेन्द्र साहू, युवराज साहू, चमन साहू, योगेश साहू, सूरज निषाद, रितेश साहू, उमा शंकर साहू, वीरेंद्र साहू, निखिल साहू, चंदन साहू, सुभाष धनकर, पीयूष साहू, पुकेश्वर धनकर, शीतल साहू, होरी साहू, गोपाल साहू, हरनारायण साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### पुरस्कार वितरण

राधाकृष्ण फाग उत्सव समिति के अध्यक्ष रीतेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष राजकिरन निषाद, सचिन यश कुमार, कोषाध्यक्ष अमित कुमार, सह-सचिव जितेन्द्र कुमार एवं कुलेश्वर साहू ने बताया कि प्रथम पुरस्कार मोर जहुरिया रासलीला एवं फाग परिवार पसौद देवरी, द्वितीय पुरस्कार कृष्ण सावन के बरसा फाग एवं झांकी परिवार चेंदरीबन नवागांव, तृतीय कान्हा के सूरता भुवनेश्वर फाग परिवार मांगाटोला मोगरा बैराज, चतुर्थ सावरिया फाग परिवार चारभाटा कलंगपुर, पांचवा मां की ममता पायल पूरन फाग मंडली भोथीपारकला, षष्ठम जय मां भानेश्वरी फाग परिवार सिंघोला माईदरबार, विशेष पुरस्कार श्रेष्ठ गायन लोक यामिनी मानस जस जगराता फाग परिवार झिटिया बालोद, श्रेष्ठ वादन जय मां शारदा जस एवं फाग बघवा परिवार गुंडरदेही बालोद, श्रेष्ठ अनुशासन जय भूतेश्वर बोल बम फाग मौनी परिवार किरगी ब पेंडरी, श्रेष्ठ वेशभूषा जय मां सरस्वती जस एवं फाग मंडली औरी गंधरी, श्रेष्ठ नृत्य जय मां शीतला फाग जस एवं झांकी परिवार करेठी आतरगांव, श्रेष्ठ झांकी जय चैतुबाबा पूरन जस झांकी परिवार पुरैना बिल्हारी को दिया गया।



## सार समाचार

### होली मिलन समारोह आज

**राजनांदगांव।** सीनियर मॉर्निंग हॉकी ग्रुप द्वारा इस बार भी 23 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन स्थानीय इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में रखा गया है। आयोजन समिति के नीलमचंद जैन ने सभी जूनियर, सीनियर एवं वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों से आयोजन में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस दौरान खिलाड़ियों द्वारा पहले शो मैच खेला जाएगा। उसके पश्चात सभी खिलाड़ी रंग-गुलाल की होली खेलेंगे।

### जल संरक्षण जनभागीदारी से संभवः मधु

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव ने शहरवासियों को विश्व जल दिवस की शुभकामनाएं देते जल संरक्षण में भागीदारी बनने अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है। इसका प्रमुख उद्देश्य पानी के महत्व को जान पानी बचाने संकल्प लेना है। महापौर यादव ने कहा कि आज पेड़-पौधे कटने के कारण वर्षा ऋतु में पर्याप्त मात्रा में वर्षा नहीं हो पाती है। जिससे पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है। भविष्य में पानी की समस्या से बचने पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसी प्रकार जल संरक्षण में भी जनभागीदारी अति आवश्यक है, क्योंकि जल संरक्षण हमारा दायित्व ही नहीं हमारा कर्तव्य भी है। इसके लिए हमें अपने घरों व आसपास व्यर्थ पानी नहीं बहने देना है, नलों में टोटियों का उपयोग करना है, आवश्यकता अनुसार पानी का उपयोग करना है।

### शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों पर चालानी कार्रवाई

**खैरागढ़।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर की जा रही कार्रवाई के तहत पुलिस ने शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों पर वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट नहीं लगाने पर चालानी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस खैरागढ़ प्रभारी निरीक्षक शक्ति सिंह के नेतृत्व में संपूर्ण यातायात का अमला शासकीय दफ्तरों के आसपास दल-बल के साथ वाहन चेकिंग पॉइंट लगाकर चालानी कार्रवाई की। वाहन चेकिंग पॉइंट लगाकर कार्रवाई करते यातायात पुलिस केसीजी द्वारा पुलिस विभाग के 6, कलेक्टोरेट कार्यालय, वन, शिक्षा आदि विभाग के शासकीय अधिकारी-कर्मचारी को यातायात नियमों का पालन नहीं करने से कुल 20 प्रकरण में 9200 रुपए की चालानी कार्रवाई किया गया। इसी तरह कार्रवाई लगातार सभी पर जारी रहेगा। आमजनों में जागरूकता लाने जिला केसीजी में चलाए जा रहे समर्थ अभियान के तहत यातायात जागरूकता व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है।

### कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों की बैठक

**मोहला।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तुलिका प्रजापति ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन प्रक्रिया, मतदान केंद्र एवं मतदाता सूची के संबंध में राजनीतिक दलों से आवश्यक सुझाव आमंत्रित किया गया है। बैठक में राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने सुझाव रखें, जिसे भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने राजनीतिक दलों से आवश्यक सलाह सुझाव आमंत्रित किया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत स्थापित मतदान केंद्रों, मतदाता सूची के संबंध में आवश्यक सलाह सुझाव आमंत्रित किया है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाटले, संबंधित अधिकारी सहित राजनीतिक दल के प्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

### शहर के निस्तारी तालाबों में सफाई का अभाव

**राजनांदगांव।** स्वच्छता अभियान के दौर में भी शहर के ऐतिहासिक तालाबों की सफाई को लेकर विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं गर्मी की शुरूआत होने लगी है। ऐसे में शहर की निस्तारी तालाबों की सफाई व्यवस्था को लेकर उदासीनता दिखाई दे रही है। तालाबों और उसके आसपास गंदगी फैली हुई है। शहर के लॉ कालेज की ओर से तहसील कार्यालय जाने वाली सड़क के किनारे मोती तालाब पार में बने गार्डन पर मवेशियों को बांधा जा रहा है। जिसके चलते यहां गंदगी फैली हुई है। शहर के बीच प्रमुख निस्तारी तालाबों में रानीसागर, मोती तालाब बलदेवबाग, इंदिरा सरोवर भरकापारा ही है, ऐसे में इन प्रमुख तालाबों पर भी सफाई का अभाव है। तालाब के किनारों में गंदगी नजर आती है। वहीं शहर के ऐतिहासिक बूढ़ासागर में भी गंदगी का आलम है। गर्मी के दिनों में जल संकट होने पर शहर के तालाबों में ही शहर की एक बड़ी आबादी की निस्तारी होती है। ऐसे में तालाब की नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी के बीच निस्तारी करने की मजबूरी होगी।

### जिम्नास्टिक खिलाड़ी अदारी ने जीता सिल्वर मेडल

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य के जिम्नास्टिक खिलाड़ी अदारी नवीन साई कृष्णा के 38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में सिल्वर मेडल प्राप्त होने पर छग राज्य में जिम्नास्टिक खेल को ऊंचे दर्जे पर पहुंचाने नीरज बाजपेयी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी ने शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि यह चैम्पियन खिलाड़ी नीरज पैरेन्ट्स प्राईड में वार्षिक उत्सव में जिम्नास्टिक प्रदर्शन देते आए हैं। नीरज बाजपेयी द्वारा इस खिलाड़ी के पढ़ाई और खेल क्षेत्र की प्रतिभा को देखते व प्रोत्साहित करते रहे। इसके साथ ही राजनांदगांव टीम से राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं 2016-17 से अपने स्कूली स्तर में लगातार ऑल राउंडर चैम्पियन बने रहने में कामयाब रहे। उक्त जानकारी नीरज पैरेंट्स प्राईड स्कूल बल्देवबाग ने दी।



### डिलापहरी में दो दिवसीय विराट देवी जस गायन

**राजनांदगांव।** ग्राम डिलापहरी में जय अम्बे राधा कृष्ण युवा उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में 22 व 23 मार्च को दो दिवसीय विराट देवी जस झांकी का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम के अध्यक्ष कपिल वर्मा ने बताया कि सभी प्रतिभागी मंडली को प्रवेश शुल्क के रूप में प्रवेश शुल्क झाकी 250 रु. और प्रवेश शुल्क स्वना 200 रु. देना होगा। झांकी वर्ग प्रथम पुरस्कार 8001 रुपए, पुरूष रचना वर्ग 301 रुपए, महिला रचना वर्ग 2501 रुपए, श्रेष्ठ पुरस्कार सहित और भी आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने आसपास के गांवों के मंडलियों से अपील की है कि प्रतियोगिता में भाग लेने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और अपना स्थान सुनिश्चित करें। उक्त जानकारी संजय वर्मा व घनश्याम पाटल ने दी है।

### प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव की राजनांदगांव महानगर इकाई द्वारा कल 23 मार्च को प्रदेश स्तरीय सामाजिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन गांधी सांस्कृतिक भवन म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड राजनांदगांव में किया जा रहा है। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, पारंपरिक राउत नाचा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ स्वजातीयजनों के स्वास्थ्य परीक्षण तथा ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग एवं क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय का सहयोग लिया जा रहा है। समाज के सचिव पूनाराम यादव ने बताया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष जगनिक यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि सांसद संतोष पांडे, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह उपस्थित रहेंगे। समाज के अध्यक्ष गरीबाराम यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश पदाधिकारियों एवं समस्त जिलाध्यक्षों के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में उक्त कार्यक्रम संपन्न होगा।

# अल अजीज मस्जिद में सात सौ रोजेदार एक साथ करते हैं इफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मध्य भारत की सबसे खूबसूरत मस्जिदों में से एक अल अजीज मस्जिद में रमजान के पाक और मुकद्दस महीने में तरावीह की विशेष नमाज अदा करने सैकड़ों मुस्लिम भाई शामिल हो रहे हैं। यहां देश की अग्रणी उद्योग समूह आईबी ग्रुप द्वारा रोजा इफ्तार को लेकर खास इंतजाम किया जा रहा है। यहां रोजाना तकरीबन 700 से अधिक रोजेदार एक साथ अपना रोजा खोलने पहुंच रहे हैं। इस दौरान रोजा इफ्तार के लिए विशेष व्यवस्था के तहत शाम को खजूर, फल, शरबत, पकौड़े सहित अन्य पारंपरिक जायकेदार पकवान बनाए जा रहे हैं। अल अजीज मस्जिद में रोजा इफ्तार केवल भोजन वितरण का कार्य नहीं है, बल्कि यह भाईचारे और एकता का संदेश भी देता है। इस आयोजन में न केवल स्थानीय लोग, बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी लगभग 700 से अधिक रोजेदार शामिल होते हैं।

## मध्य भारत की पहली मस्जिद जहां महिलाओं के लिए नमाज की व्यवस्था

### कई इंतजाम

एबीस ग्रुप में बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाएं भी कार्यरत हैं। वहीं मस्जिद का दीदार करने भी बड़ी संख्या में राजनांदगांव शहर सहित आसपास के जिलों से महिलाएं पहुंचती हैं। इस मस्जिद में पहुंचने वाला हर कोई यहां नमाज अदा करना चाहता है, जिसे देखते हुए आईबी ग्रुप के सीएमडी बहादुर अली की मंशानुरूप मस्जिद में महिलाओं के लिए अलग से नमाज पढ़ने की व्यवस्था है। इस वजह से यह मस्जिद महिलाओं के लिए भी काफी अहम है।



### मस्जिद के दीदार के लिए आते हैं लोग

इंदामरा स्थित अल अजीज मस्जिद की खूबसूरती देखते बनती है। इस मस्जिद के दीदार के लिए न केवल राजनांदगांव, बल्कि दुर्ग, भिलाई, रायपुर सहित आसपास के अन्य जिलों से भी मुस्लिम समाज के लोग आते हैं। अपनी आकर्षक बनावट के चलते यह मस्जिद देशभर में मशहूर होती जा रही है।

### तीन एकड़ में निर्मित

इंदामरा में आईबी ग्रुप द्वारा बनाई गई यह खूबसूरत मस्जिद 3 एकड़ के क्षेत्रफल में निर्मित है। अल अजीज मस्जिद की बनावट और सुविधाओं के चर्चे पूरे देश में है। मस्जिद की खूबसूरत नक्काशी देखने वालों को काफी आकर्षित करती है। यह मस्जिद इतनी बड़ी है कि इसमें 500 से अधिक नमाजी एक साथ नमाज अदा कर सकते हैं। मस्जिद अल अजीज में हर साल रमजान के महीने में 15 हजार से अधिक लोग यहां रोजा इफ्तारी करने आते हैं।

### महिलाओं के लिए वजूखाना

मस्जिदों में महिलाएं नमाज अदा करने नहीं जाती है। महिलाएं घर पर ही नमाज पढ़कर अल्लाह की इबादत करती हैं, लेकिन अल अजीज मस्जिद में खासकर महिलाओं के लिए नमाज पढ़ने अलग व्यवस्था ही कर दी गई है। इस मस्जिद में पुरूषों के लिए अलग और महिलाओं के लिए अलग नमाज पढ़ने का स्थान बना हुआ है। नमाज से पहले वजू करने के लिए भी महिलाओं की सहूलियत को देखते हुए सिर्फ महिलाओं के लिए ही अलग वजूखाना बना दिया गया है। इस तरह से यहां महिलाओं के पर्दे का एहतराम करते हुए काफी अच्छी व्यवस्था की गई है, जिसे मुस्लिम समाज की महिलाओं की सराहना मिल रही है।

## भाजपा नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की उठी मांग

# नेताओं पर भीतरघात का आरोप

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत और जनपद पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी विरोधी गतिविधियों को अंजाम देकर दूसरे पार्टी के प्रत्याशियों को सपोर्ट करने के मामले में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी पर कार्रवाई करते निष्कासन की मांग की है।

मंडल अध्यक्ष के माध्यम से जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री, चुनाव पर्यवेक्षक और प्रदेश उपाध्यक्ष को भेजे गए अपने ज्ञापन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा है कि जिला पंचायत एवं जनपद सदस्य चुनाव के समय पूर्व मंडल भाजपा अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, भारतभूषण राजपूत, कांशी निषाद, सतीश शर्मा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ काम करने का आरोप लगाते इन पर कार्रवाई के लिए अंबागढ़ चौकी मंडल भाजपा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा है। अपने ज्ञापन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा है कि यह लोग दिन में अलग प्रचार करते थे और रात्रि के समय में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती शेषवरी धुर्वे के पक्ष में वोट डालने का प्रचार करते थे। साथ ही जनपद सदस्य बुधयारिनबाई कटेंगा और मुकुंद जनबंधु के पक्ष में भी वोट डालने के लिए प्रचार करते थे, जिन्हें भाजपा के कार्यकर्ता रात्रि में कई बार प्रत्यक्ष देखे और प्रचार करते सुने हैं। कार्यकर्ताओं ने उनसे एक-दो बार सवाल भी किया और पार्टी के उच्च पदाधिकारी तक शिकायत करने की बात भी कही थी, लेकिन गुलाब गोस्वामी और उनकी टीम द्वारा कहा गया कि तुम लोगों को जहां शिकायत करना है, वहां कर लेना मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।



### पद का दिया लालच

अपने ज्ञापन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि गुलाब गोस्वामी और उनकी टीम ने अपने आपको संगठन का प्रभारी बताकर विजयी प्रत्याशी को भ्रमित किया। उनको पद का लालच देकर अपने अनुसार पद लेने के लिए प्रत्याशी से पैसे का लेन-देन किया। वहीं 17 प्रत्याशी में से 12 प्रत्याशी भाजपा के होने के बावजूद श्री गोस्वामी द्वारा पैसे के लालच में कांग्रेस के प्रत्याशी को पहले उठाकर ले गया और उसे उपाध्यक्ष पद का लालच दिया गया। भाजपा के उच्च संगठन को श्री गोस्वामी द्वारा दरकिनार कर दिया गया।

### नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष ने भी लगाया आरोप

पूर्व मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी के खिलाफ अंबागाढ़ चौकी के नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष पुनउराम फुलकौरे ने भी जिला अध्यक्ष और महामंत्री को ज्ञापन देकर रुपयों के लेन-देन का आरोप लगाते कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूर्व मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी द्वारा मुझे जनपद पंचायत का अध्यक्ष बनाने के नाम पर मुझसे 50 हजार रुपए नगद लिया गया और मेरे साथ कुछ सदस्यों को लेकर अमरकंटक घुमाने ले गया और वहां से आते-आते मेरे खिलाफ दूसरे सदस्य को अध्यक्ष पद के लिए तैयार किया और दूसरे सदस्यों को मेरे खिलाफ वोटिंग डालने के लिए प्रेरित किया। श्री गोस्वामी द्वारा इस संबंध में जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष चुनाव प्रभारी और पर्यवेक्षक को जानकारी नहीं दिया गया।

# दहमी माताजी का मंगल पाठ, चालीसा वाचन आज

## तृतीय महोत्सव में पोथी का होगा विमोचन

- निखिल श्याम की जोड़ी करेगी मंगलपाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सनातन संस्कृति के अनुसार प्रत्येक परिवार में कुलदेवी की पूजा-अर्चना किए जाने की परंपरा है। राजस्थान के बहरोड़ जिले के समीप स्थित दहमी ग्राम में लगभग 700 वर्षों से स्थापित देवी मां का मंदिर दहमी माता मंदिर के नाम से विख्यात है। इसे मनसा माता दहमी वाली के नाम से भी जाना जाता है।

दहमी माताजी को कुलदेवी के रूप में पूजने वाले अनेक परिवार छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, डोंगरगढ़, भाटापारा, धमतरी इत्यादि में बसे हुए हैं। संस्कारधानी नगरी में दहमी माताजी को कुलदेवी के रूप में पूजने वाले परिवारों द्वारा पहली बार माताजी के मंगल पाठ की पोथी का विमोचन एवं तृतीय श्री दहमी माताजी महोत्सव का आयोजन 23 मार्च को श्री अग्रसेन भवन में आयोजित किया जा रहा है।

कुलदेवी दहमी (मनसा) माता परिवार के अनुसार कल 23 मार्च को दोपहर 03 बजे से श्री अग्रसेन भवन में तृतीय दहमी माता महोत्सव के अंतर्गत भव्य मंगलपाठ की पोथी का विमोचन किया जाएगा एवं मंगलपाठ व चालीसा का वाचन अंचल के सुप्रसिद्ध भजन गायक निखिल-श्याम की जोड़ी द्वारा किया जाएगा।

इस दौरान श्री अग्रसेन भवन में माताजी का अलौकिक दरबार सजाकर अद्भुत श्रृंगार किया जाएगा। छप्पन भोग लगाया जाएगा, मेंहदी एवं चुनरी उत्सव होगा। महोत्सव में दहमी माताजी को कुलदेवी के रूप में पूजने वाले परिवार सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे।

# रास्ते में रोककर मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के अलग-अलग क्षेत्र में सूने रास्तों पर लोगों को चकमा देकर मोबाइल फोन चोरी करने वाले आरोपियों को लालबाग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि दो युवक रेवाडीह शासकीय शराब भठ्ठी के पास ईमली झाड के नीचे चोरी के मोबाइल फोन को छुपाकर रखे हुए हैं और मोबाइल फोन बिक्री करने हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं।

सूचना के आधार पर लालबाग पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दो संदेही आरोपियों को पकड़कर पूछताछ की। दोनों संदेहियों की तलाशी पर सोहेब खान उर्फ सोनू के जेब से पुलिस को 2 नग एन्ड्राईड फोन एवं संदेही अनिकेत गजभिये उर्फ नानू से 01 नग एन्ड्राईड फोन बरामद हुआ। वहीं उन्होंने अपने अन्य साथियों के बारे में भी बताया। जिसमें पुलिस को युवराज सिंह राजपूत से 2 नग, भरत बंसोड से 3 नग, आदित्य मरकाम से 3 नग, सिध्दार्थ लहरे उर्फ सिध्दू से 3 नग एवं ममता नगर के दुकानदार देवेश देवांगन से 2 नग मोबाइल जब्त किया गया।



### 16 नग मोबाइल जब्त

मोबाइल चोरी के इस मामले में पुलिस ने सभी 7 आरोपियों से 16 नग एन्ड्राईड मोबाइल जब्त किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ धारा 317(5) बीएनएस कायम कर मामले की विवेचना की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।

### मौका देखकर करते थे मोबाइल पार

पुलिस की गिरफ्त में आरोपियों द्वारा सूने रास्ते में लोगों को किसी बहाने से रोककर मौका पाते ही मोबाइल की चोरी कर ली जाती थी। लालबाग पुलिस को इस मामले में लगातार शिकायत मिल रही थी, जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपियों को धरदबोचा।

### सात मोबाइल चोर गिरफ्तार

थाना प्रभारी लालबाग प्रशिक्षु आईपीएस ईशु अग्रवाल ने बताया कि इस मामले में सोहेब खान, सोहेब रजा उर्फ सोभू पिता अब्दुल फरीद 20 वर्ष निवासी साधुचाल तुलसीपुर, अनिकेत गजभिये उर्फ नानू पिता संजय गजभिये 28 वर्ष निवासी गली नं. 05 एकता चौक ममता नगर, युवराज सिंह राजपूत उर्फ दीप पिता स्व. राजकिशोर उम्र 19 वर्ष निवासी बजरंग चौक तुलसीपुर, भरत बंसोड़ पिता स्व. ईश्वर बंसोड 19 वर्ष निवासी बख्तावरचाल तुलसीपुर, आदित्य मरकाम उर्फ कोंदा पिता सुरेश मरकाम 22 निवासी बंगाली चाल बसंतपुर, सिध्दार्थ लहरे उर्फ सिध्दू पिता गोवर्धन लहरे 19 निवासी सिविल लाइन जाली खाता एवं देवेश देवांगन पिता रूखमन देवांगन 26 वर्ष निवासी ममता नगर को गिरफ्तार किया गया है।

# मैथिल क्षत्रिय समाज का होली मिलन समारोह

**राजनांदगांव।** शहर के मैथिल क्षत्रिय केंद्रीय भवन में बीते 16 मार्च को मैथिल क्षत्रिय समाज ने अपने वार्षिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन राजनांदगांव क्षेत्र के उपाध्यक्ष यशवंत सेंगर की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम को समाज के सक्रिय सदस्यों ने आपसी सौहार्द और एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें युवा, महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक शामिल थे। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और पारंपरिक गीतों और नृत्यों का आनंद लिया। इस आयोजन में समाज के सक्रिय सदस्यों का विशेष योगदान रहा। जिनमें अरूण सूर्यवंशी, राजेश तोमर, राकेश ठाकुर, शैलेन्द्र राजगढ़, शैलेश तोमर, गोलू ठाकुर, गोलू सूर्यवंशी, कनक नागवंशी, विकास नागवंशी, राजू नागवंशी, भार्गव गर्ग, मिलन सिंह, दुर्गेश तोमर, लजाय सूर्यवंशी, रमेश नागवंशी, रमेश गौतम, सुरेंद्र धर्मी, विजय सिंह, गजाधर ठाकुर और चंद्रकांत कौमार्य शामिल थे। इन सदस्यों ने कार्यक्रम की व्यवस्था और संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैथिल क्षत्रिय समाज के महिला संगठन ने भी इस समारोह में भाग लिया और अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में नृत्य और गायन प्रस्तुत किए। समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें पारंपरिक नृत्य, संगीत और नाटक शामिल थे। समाज के पदाधिकारियों ने सदस्यों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी इसी तरह के आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। होली मिलन समारोह समाज के सदस्यों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने और सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देने में सफल रहा।



पृष्ठ 11 का शेष

### लावारिश मिले बैग....

गया। बैग को चेक करने पर मोबाइल नंबर अंकित था। जिससे संपर्क कर थाना तलब कर गुम हुए लैपटॉप को उसके मालिक बृजेश शर्मा को सुपुर्द किया गया। आटो चालक द्वारा अपनी ईमानदारी का परिचय दिया गया, जिस पर पुलिस ने आटो चालक को धन्यवाद दिया।

### होली पर्व पर...

आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए थे, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम एवं तात्कालिन एसडीओपी गंडई आशा रानी एवं वर्तमान एसडीओपी मानकराम कश्यप के मार्गदर्शन में पुलिस टीम गठित किया गया तथा पुलिस टीम द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु मुखबीर लगाया गया था।

प्लॉट उपलब्ध
- विजय लक्ष्मी नगर डोंगरगांव में 30x60 वर्गफीट के दो प्लॉट
- कॉलेज के पास 33x66 के दो प्लॉट
- विजय लक्ष्मी नगर के पीछे (आदिवासी प्लॉट) 30x70 के चार प्लॉट
- मोगरा कॉलोनी में दो प्लॉट

- संपर्क करें -
9907168139
9424139198

# पदुमतरा में लोक महोत्सव का भव्य आयोजन आज

- सेवा भजन, जस जगराता, जस झांकी, पंथी नित्य, राउत नाच का होगा भव्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ब्लॉक के पदुमतरा में एक दिवसीय लोक महोत्सव का भव्य आयोजन कल 23 मार्च को किया जा रहा है।

श्रीराम मंदिर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया कि श्रीराम मंदिर ट्रस्ट समिति, मोर माता मयारू नंदगईहा जस झांकी, फाग परिवार एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा यह कार्यक्रम रखा गया है। सुबह 11 बजे विधिवत पूजा-अर्चना कर जय मां आरुशि बालिका जस जगराता परिवार गोडरी अर्जुनी की प्रस्तुति के साथ शुभारंभ किया जाएगा। इसके पश्चात श्री दाई के दुलरुवा नवरत्न जस झांकी परिवार पटपर डोंगरगढ़, जय मां शीलता अढ़हा सेवा भजन मंडली बेलरचंडी अभनपुर रायपुर, जयश्री कृष्ण बलदाऊ राउत नाच एवं झांकी पार्टी खैरा घुमका की प्रस्तुति होगी। इसके पश्चात सत्य के झंझकार पंथी नित्य दल चीचा धमधा दुर्ग की प्रस्तुति होगी। श्री विघ्नहर्ता बघवा जस झांकी परिवार कृष्णा नगर, सुपेला-भिलाई की प्रस्तुति होगी। तत्पश्चात श्री राधा कृष्ण सेवा एवं फाग परिवार धनोरा वार्ड नंबर-7, दुर्ग की प्रस्तुति होगी। ज्ञान गंगा नंदगईहा जस झांकी परिवार खोरपा अभनपुर की प्रस्तुति होगी। समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई,16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

हड़ताल: शासन की सख्ति का नहीं दिखा असर, हड़तालियों ने जलाई आदेश की प्रतियां

# पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल पांचवें दिन भी रही जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रांतीय आव्हान पर मुख्य रूप से अपनी एक सूत्रीय शासकीयकरण की मांग को लेकर बीते 18 मार्च से ब्लाक स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डंटे पंचायत सचिवों की बेमुद्दत हड़ताल पांचवे दिन भी जारी रही। हालांकि बीते पांच दिनो से जारी पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल और उस पर प्रभावित हो रही शासन की योजनाएं तथा पंचायत के कामकाज को देखते हुए शासन ने इन हड़तालियों पर अब डंडा चलाना शुरू कर दिया है। इस कड़ी में पंचायत संचालनालय ने जिला पंचायत सीईओ को एक पत्र लिखा है।

सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र जारी कर हड़ताली सचिवों को 24 घंटे के भीतर काम पर लौटने का निर्देश दिया है। वहीं चेतावनी दी है कि निर्देश का पालन न करने पर हड़ताली पंचायत सचिवों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। लेकिन ऐसा लगता है कि इस बार पंचायत सचिव भी आरपार की लड़ाई के मूड़ में है। उन्होने पंचायत संचालनालय द्वारा जारी इस आदेश की शनिवार को धरना प्रदर्शन स्थल पर प्रतियां जलाई और आदेश का पुरजोर विरोध करते हुए शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस संबंध में पंचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष शत्रुहन प्रसाद चन्द्रवंशी ने बताया कि विधानसभा चुनाव वर्ष 2023-24 में हुए चुनाव में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किए जाने का वादा किया गया है। जिसके परिपेक्ष्य में गत 07 जुलाई को 2024 को इन्डोर स्टेडियम रायपुर के सभागार में भाजपा के तमाम बड़े नेताओं की उपस्थिति में पंचायत सचिवों के शासकीयकरण को अति आवश्यक मानते हुए शीघ्र ही शासकीयकरण किए जाने का भरोसा दिया था और भरोसा को मोदी की गारंटी बताया गया था।

संघ के जिलाध्यक्ष श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा मोदी की इस गारंटी को पूरा करने के लिए तत्काल एक कमेटी गठन करने की घोषणा भी की थी। जिसके तहत 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समिति का गठन कर 30 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए थे। इस आदेश के परिपालन में कमेटी द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के संबंध में प्रतिवेदन भी प्रस्तुत कर दिया गया है। जिस पर पंचायत सचिवों को पूर्ण आशा एवं विश्वास था कि रिपोर्ट अनुसार बजट सत्र में उनका शासकीयकरण कर उन्हें बड़ी सौगात दी जाएगी।

किन्तु बजट सत्र में इस विषय पर सरकार द्वारा कोई पहल व निर्णय नहीं लिया गया। जिससे पंचायत सचिवों में खासा आक्रोश व रोष व्याप्त है। यहीं वजह है कि पंचायत सचिवों ने गत 17 मार्च को प्रदेश की राजधानी रायपुर में विधानसभा घेराव कर अब ब्लाक स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है।

कवर्धा में आयोजित सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष डमरू नाथ योगी, सुरेश गुप्ता, जैतराम सिन्हा, नीलकंठ बंदे, लीलवाराम पटेल, गजानंद चंद्रवंशी, रवि चंद्रवंशी, सीमा, अजमेर बेग, उमला कौशिक, पूजा तिवारी, भीषम साहू, सविता कुंजाम सहित बड़ी संख्या में पंचायत सचिव उपस्थित थे।



### 24 घंटे के भीतर काम में लौटने के निर्देश

छत्तीसगढ़ सहित जिले में जारी ग्राम पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल पर कड़ा रूख अपनाते हुए पंचायत संचालनालय ने जिला पंचायत सीईओ को एक पत्र लिखा है। सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों सीईओ को पत्र जारी कर हड़ताली सचिवों को 24 घंटे के भीतर काम पर लौटने का निर्देश दिया है। निर्देश का पालन न करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।



### हड़ताल से पंचायतों का कामकाज प्रभावित

यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्राम पंचायत सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से पंचायत के कई कार्यो पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। जिसमें मुख्य रूप से इन दिनो ग्राम पंचायतों में चल रहे प्रधान मंत्री आवास, मनरेगा योजना सहित अन्य कार्यों में इसका प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में देखते वाली बात होगी की शासन स्तर पर पंचायत सचिवों की अनिश्चित हड़ताल को समाप्त कराने कैसे और कब तक प्रयास किए जाते हैं।

# भीषण सड़क हादसे में मोटर साइकिल सवार दो ग्रामीणों की मौत



- चिल्फी नेशनल हाईवे में हादसा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिल्फीघाटी

चिल्फीघाटी थाना मुख्यालय से महज तीन किलो मीटर दूर रायपुर-जबलपुर मार्ग में शनिवार की शाम हुए भीषण सड़क हादसे में मोटर सायकल सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

बताया जाता है कि इन मोटर सायकल सवारों को एक तेज रफ्तार 407 वाहन के चालक ने रौंद दिया जिससे दोनो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव बरामद कर लिए है वहीं आरोपी वाहन चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम मनीराम पिता मंगल सिंह मरावी आयु 35 साल निवासी आमाटोला थाना गढ़ी जिला बालाघाट तथा बुद्ध सिंह पिता सोनू सिंह मरावी आयु 32 साल निवासी आमाटोला थाना गढ़ी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 51 एमएच 8455 से कहीं जा रहे थे।

बताया जाता है कि इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही 407 वाहन क्रमांक सीजी 07 सीई 8320 के चालक ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटर सायकल सवारों को अपनी चपेट में ले लिया और रौंद दिया। जिससे दोनो की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी जानकारी तत्काल चिल्फी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है।

वहीं घटना को अंजाम देने के बाद भागने की जुगत भिड़ा रहे आरोपी वाहन चालक को भी दबोच लिया गया है। आगे की कार्यवाही जारी है।

## खबर संक्षेप

### मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने पर कार्रवाई

**कवर्धा।** कवर्धा कोतवाली क्षेत्रांतर्गत सरोधा डेम के पास सड़क दुर्घटना का शिकार हुए मालवाहक वाहन में चार लोगों की मौत और करीब दो दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने के करीब हफ्तेभर बाद पुलिस प्रशासन ने एक बार फिर माल वाहक वाहनो में सवारी ढोने वालों के खिलाफ चालानी कार्यवाही शुरू की है। इसी कड़ी में जिले के चिल्फी, बोड़ला, कुकदूर, कवर्धा, यातायात शाखा, रेंगाखार, लोहारा, पांडातराई, पिपरिया सहित जिले के सभी थाना क्षेत्रों में माल वाहक वाहनों में सवारी ढोने पर कड़ी कार्रवाई शुरू की गई है। ऐसे वाहनों के चालकों के खिलाफ न केवल चलानी कार्रवाई की जा रही है, बल्कि भविष्य में इस नियम का उल्लंघन न करने के लिए उनसे शपथ पत्र भी भरवाया जा रहा है। इसके साथ ही, सभी थाना-चौकियों में वाहन चालकों की बैठक आयोजित कर उन्हें यातायात नियमों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जा रही है। जिला पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने से बचें। यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी घातक हो सकता है। किसी भी तरह की लापरवाही अनमोल जीवन के नुकसान का कारण बन सकती है। मालवाहक वाहन केवल सामान के परिवहन के लिए बनाए गए हैं, लेकिन कई लोग इन्हें सवारी ढोने के लिए इस्तेमाल करते हैं, जो न केवल गैरकानूनी है, बल्कि बेहद खतरनाक भी है। विभाग की माने तो इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# स.लोहारा व पंडरिया क्षेत्र में बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि

## रबी फसल तथा वनोपज हो रही प्रभावित





हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बीते वर्षो की तरह इस वर्ष भी अंचल का मौसम रबि की फसल सहित वनोपज के लिहाज से कुछ ठीक नहीं जान पड़ रहा है। लगातार जारी मौसमी उथल के बीच बीते शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात जिले के विकासखण्ड स. लोहारा सहित अन्य क्षेत्रों में बेमौसम बारिश के साथ ओला वृष्टि की खबरें सामने आ रही है। वहीं शनिवार को भी कवर्धा सहित आसपास के ईलाकों में हल्की बूंदाबांदी देखने को मिली। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते करीब दो-तीन दिन से अंचल के आसमान में छाई बदली के बीच बीते शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात जिले के विकासखण्ड स. लोहारा के ग्राम रक्से, नरोधी, बाबई, भैंसगोड, मोहगांव, धनगांव, नूनछपार सहित अन्य ईलाकों में तेज हवा, आंधी, तूफान के साथ झमाझम बारिश तथा ओला वृष्टि की खबर है। अंचल के कृषक गोविंद साहू, विश्राम साहू, यशवंत साहू, छन्नू राम साहू, होमन साहू, खुमान साहू दलेश्वर साहू, राजकुमार साहू सहित अन्य किसानो ने बताया कि इन दिनों किसानों के खेतों में रबि फसल चना, तेवरा, राहर, मटर, सरसों तथा गेंहू आदि तैयार होने की स्थिति में है। ऐसे में मौसमी उतार चढ़ाव निश्चित रूप से फसल के उत्पादन को प्रभावित कर रहा है। उन्होने बताया कि शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात हुई बेमौसम बारिश व ओला वृष्टि से उनकी चना तथा गेंहू की फसल को नुकसान हुआ है। उन्होने प्रशासन से प्रभावित फसल का मौका मुआयना कराए जाने की मांग भी की है। बताया जाता है कि इसी तरह शनिवार को जिले के पंडरिया क्षेत्र के वनांचल ग्राम तेलियापानी क्षेत्र में बेमौसम बारिश के साथ ओला वृष्टि हुई है। जिससे क्षेत्र की रबि फसल के साथ ही वनोपज को भी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। निश्चित रूप से खेती किसानी और वनोपज के इस सीजन में मौसम का यह बिगड़ैल मिजाज किसानो के साथ वनवासियों को डरा रहा है।

### वनोपज पर पड़ सकता है मौसम का विपरीत असर

बताया जाता है कि इस मौसमी उथल पुथल तथा आंधी तूफान का असर वनोपज पर भी पड़ रहा है। तेज आंधी तूफान के चलते जहां आम की फसल प्रभावित हो रही है वहीं लगातार बदली व बेमौसम बारिश से महुआ की फसल पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। जानकारों के मुताबिक मौसम का असर तेंदुपत्ता पर भी पड़ सकता है। हालांकि अभी तेंदुपत्ता आने में समय है लेकिन मौसम का यही रवैया रहा तो तेंदुपत्ता उपयोगी नहीं रह जायेंगे। कुल मिलाकर मौसम को लेकर किसानो में चिंता साफ देखी जा रही है।

# अवैध वसूली मामले में दो नगर सैनिकों पर कार्यवाही

- वाहन चालकों से अवैध वसूली और शराब की मांग करने का नगर सैनिकों पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




वाहन चालकों से अवैध वसूली के आरोप में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर जिला नगर सेनानी ने पंडरिया थाना में पदस्थ दो नगर सैनिकों पर कार्यवाही की है। आरोप है कि दोनों नगर सैनिकों पर एक वाहन को रोककर उसके वाहन मालिक से मोबाईल पर अवैध राशि तथा शराब की मांग कर रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया में अवैध वसूली का एक वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने इसे संज्ञान में लेते हुए प्रारंभिक जांच के बाद अवैध वसूली में संलिप्त पाए गए पंडरिया थाना में पदस्थ नगर सैनिक अरविंद शुक्ला तथा नायक चमन सिंह ठाकुर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश जिला नगर सेनानी को दिए थे। जिसके बाद नगर सेनानी ने दोनो नगर सैनिकों पर तत्काल कार्यवाही करते हुए उन्हें थाना से हटा दिया है। आरोप है कि नगर सैनिक अरविंद शुक्ला ने एक वाहन चालक से 3000 रुपए की अवैध मांग की और साथ ही शराब की व्यवस्था करने कहा। वहीं नायक चमन सिंह ठाकुर भी इसी तरह की गतिविधियों में लिप्त होकर नियमों का उल्लंघन करते पाए गए। यह घटनाएं सोशल मीडिया पर वायरल हुई, जिससे मामले की गंभीरता सामने आई। इस पर, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर, जिला सेनानी नगर सेना ने दोनों कर्मचारियों नगर सैनिक अरविंद शुक्ला और नायक चमन सिंह ठाकुर को तत्काल प्रभाव से (काल आउट ड्यूटी) थाना ड्यूटी से हटा दिया है। साथ ही इस मामले की जांच की जा रही है और दोनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा हमारे लिए कानून से ऊपर कोई नहीं है और इस तरह के कृत्यों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बैरख मे मनाया गया विश्व जल दिवस



**बोड़ला।** वनांचल में स्थित शासकीय हाई स्कूल बैरख प्रांगण में 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया गया। जिसमें संस्था के व्याख्याता प्रेमलता ठाकुर ने बताया कि विश्व जल दिवस 22 मार्च को मनाया जाता है इसका उद्देश्य विश्व के सभी देशों में स्वच्छ एवं सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना है साथ ही जल संरक्षण के महत्व पर भी ध्यान केंद्रित करवाना है। ब्राजील में रियो डी जेनेरियो में वर्ष 1992 में आयोजित पर्यावरण तथा विकास का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विश्व जल दिवस मनाने की पहल की गई तथा वर्ष 1993 में संयुक्त राष्ट्र ने अपने सामान्य सभा के द्वारा निर्णय लेकर इस दिन को वार्षिक कार्यक्रम के रूप में मनाने का निर्णय लिया इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों के बीच में जल संरक्षण का महत्व साफ पीने योग्य जल का महत्व आदि बताना है। साथ ही आप लोग अपने गांव के नलकूप, कुआं, तालाब, नदियों एवं अन्य जल स्रोतों एवं वर्षा के जल को संरक्षित करने हेतु प्रयास एवं लोगों को जल संरक्षण हेतु जागरूक करने का प्रयास कर जल संरक्षण हेतु प्रयास करें। क्योंकि जल है तो कल है। विद्यार्थियों ने जल संरक्षण हेतु शपथ लिए। कार्यक्रम में व्याख्याता प्रेमलता ठाकुर, विश्वराज मेश्राम एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

### समाधान...



**कवर्धा।** प्राचार्य डॉ.रमेश चन्द्रवंशी ने स्कूली बच्चों की बीच गणित में आने वाली कठनाईयों का किया समाधान, दी आवश्यक जानकारी।

क्षेत्रवासियों को दिया समुचित विकास व समस्याओं के समाधान का भरोसा

# जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा का आभार प्रदर्शन कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 की नवनिर्वाचित सदस्य पूर्णिमा मनीराम साहू ने बीते शुक्रवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम खड़ौदाकला में आभार प्रदर्शन सह होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला भाजपा के उपाध्यक्ष, नितेश अग्रवाल, बरसाती वर्मा, जिला पंचायत सदस्य डॉ. वीरेन्द्र साहू, जिला महामंत्री भाजपा क्रांति गुप्ता, महेन्द्र घृतलहरे, जिला पंचायत सदस्य विजय पटेल, नंद श्रीवास, बलदाऊ चंद्रवंशी, झम्मन चंद्रवंशी, राजेश साहू महामंत्री मंडल बोड़ला, बीरबल साहू महामंत्री पांडातराई मंडल, सचिन गुप्ता महामंत्री भाजयूमो, तुकेश चंद्रवंशी, श्रीमती उत्तरा गोकुल साहू, अमित वर्मा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बोड़ला, बालाराम चंद्रवंशी, हेमचंद चंद्रवंशी, महंत श्रवण गिरी गोस्वामी, शिवनाथ वर्मा, दिलीप वर्मा, नरोत्तम साहू भाजयुमो मंडल अध्यक्ष पंडरिया, धरमराज साहू तहसील अध्यक्ष कवर्धा सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी व क्षेत्रवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 की नवनिर्वाचित सदस्य श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू ने अपनी जीत का श्रेय भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं व क्षेत्र की देवतुल्य जनता को देते हुए कहा कि यह जीत प्रदेश की भाजपा सरकार के सुशासन तथा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यो की जीत है। उन्होने कहा कि जिलेवासियों ने जिस ढंग से नगरीय निकायत तथा त्रि-स्तरीय चुनाव में भाजपा सरकार पर भरोसा जताया है उसे जिले के समुचित विकास की राह आसान हो गई है। अब ट्रपल इंजन की सरकार काम करेगी और क्षेत्र का समुचित विकास होगा। उन्होने भरोसा दिलाया कि क्षेत्रवासियों ने जिस उम्मीद और भरोसे से उन्हें शानदार जीत दिलाई है उस पर वह पूरी तरह से खरा उतरेंगे। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों सहित क्षेत्रवासियों ने जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पूर्णिमा मनिराम साहू का फूल-माला भेंट कर सम्मान किया। उन्होने अपनी जीत के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नीतेश अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य डॉ.वीरेन्द्र साहू सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया और निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू के चुनावी संघर्ष की प्रशंसा की।

# प्राचार्य रमेश ने एक्शन रिसर्च से बीजगणित की समस्याओं का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गणित विषय को अक्सर छात्रों के लिए एक कठिन विषय माना जाता है, जिससे कई छात्र भयभीत रहते हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुए जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य व गणित विषय के व्याख्याता रमेश चन्द्रवंशी ने गणित के जटिल समस्याओं के समाधान के लिए अक्सर एक्शन रिसर्च अर्थात क्रियात्मक अनुसंधान का उपयोग करते हैं।

उन्होंने गणित के जटिल शाखा बीजगणित की समस्याओं को हल करने के लिए एक्शन रिसर्च का सहारा लिया। एक्शन रिसर्च के माध्यम से छात्रों के मध्य आने वाली कठिनाईयों का अध्ययन किया और उनके समाधान के लिए प्रभावी शिक्षण विधियों का प्रयोग किया। उन्होंने पाया कि उनके विद्यालय के कई छात्र बीजगणित के प्रश्नों को हल करने में कठिनाई महसूस करते हैं। वे चर, समीकरण और सूत्रों को समझने में असमर्थ थे, जिससे उनका आत्मविश्वास कम हो रहा था।

इस समस्या के समाधान के लिए एक एक्शन रिसर्च की शुरुवात की। उन्होंने छात्रों के साथ मिलकर काम किया, उनकी कठिनाईयों को समझा और विभिन्न शिक्षण विधियों का प्रयोग किया। उन्होंने छात्रों को वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से बीजगणित की अवधारणाओं को समझाया। छात्रों को समूह चर्चाओं और गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

उनके प्रयासों से छात्रों के प्रदर्शन में महत्वपूर्ण सुधार हुआ, बीजगणित के प्रश्नों को हल करने में अधिक आत्मविश्वास दिखाया और उनकी गणितीय क्षमता में वृद्धि हुई। प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी का यह कार्य शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने यह साबित किया है कि एक्शन रिसर्च के माध्यम से छात्रों की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है और उनकी सीखने की क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। उनका यह कार्य शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने वाला है।

## हादसा: सड़क हादसे में अज्ञात व्यक्ति की दर्दनाक मौत

# अज्ञात व्यक्ति का खून से लथपथ मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते सड़क हादसे लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामला कबीरधाम जिले के ग्राम पंचायत हरिनछपरा-राम्हेपुर के पास नेशनल हाईवे-30 का है, जहां एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में अज्ञात व्यक्ति की जान चली गई। हादसा इतना भीषण था कि मृतक का सिर पूरी तरह कुचल गया, जिससे उसकी पहचान कर पाना मुश्किल है। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मर्चरी भिजवा दिया।

मृतक की पहचान के लिए पुलिस ने उसके हाथ में बने रानी नामक टैटू को आधार बनाकर जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी वाहन चालक का सुराग लगाया जा सके। सुबह जब राहगीर नेशनल हाईवे-30 से गुजर रहे थे, तो उन्होंने सड़क के बीचों-बीच खून से लथपथ अवस्था में शव देखा। यह मंजर इतना भयावह था कि लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। कुछ देर तक लोग यही सोचते रहे कि आखिर यह दुर्घटना थी या फिर हत्या। ग्रामीणों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेजा, जहां पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा। मृतक के शरीर पर कोई पहचान पत्र या अन्य दस्तावेज भी नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान करना और भी मुश्किल हो गया है।

### आरोपी वाहन चालक की तलाश में जुटी पुलिस



घटना के बाद कोतवाली प्रभारी लालजी सिन्हा ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत हुई है। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी वाहन चालक की तलाश कर रही है। इसके अलावा, क्षेत्र में मौजूद लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है कि यह सड़क दुर्घटना थी या फिर किसी ने जानबूझकर हत्या कर शव को सड़क पर फेंक दिया। हादसे की प्राथमिक जांच में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह मामला सड़क दुर्घटना का है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और सीसीटीवी फुटेज आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# पेंड्रीकला में उल्लास नवभारत राष्ट्रव्यापी परीक्षा महा-अभियान आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में ग्राम प्रभारी बैजनाथ चंद्राकर के मार्गदर्शन में 23 मार्च को राष्ट्रव्यापी महा परीक्षा अभियान के सफल संचालन हेतु ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में नियुक्त समस्त स्वयंसेवी शिक्षक ओमप्रकाश निर्मलकर, रमेश कुमार, दामेश्वरी पटेल, पूजा चंद्रवंशी, साधना यादव, श्रीमती प्रीति पटेल, श्रीमती चंद्रा यादव, श्रीमती संतोषी टंडन संबंधित का बैठक आयोजित किया गया। जिसमे परीक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं दिशा निर्देश दिया गया। इस राष्ट्रव्यापी महा परीक्षा अभियान का लक्ष्य राष्ट्र में 15 वर्ष से अधिक उम्र के आयु वाले ऐसे शिक्षार्थी को शामिल कराया जाना है जो किसी कारण वश शिक्षा से विहीन हो चुके थे। इस अभियान के तहत ऐसे शिक्षार्थियों जो पिछले 6 महीने से प्रत्येक ग्राम पंचायत में संचालित हो रहे, साक्षरता केंद्रो से लगभग 200 घंटे की शिक्षा पूर्णकर लिए हो उन्हें परीक्षा में बैठाया जाना सुनिश्चित है। ऐसे शिक्षार्थियों को इस परीक्षा अभियान के माध्यम से पढ़ना लिखना एवं अंक ज्ञान देकर उन्हें साक्षर बनाने का लक्ष्य है। इस अभियान के सफल संचालन हेतु जिला कबीरधाम में कुल 7300 असाक्षरों को आगामी 23 मार्च के परीक्षा में शामिल करा कर उन्हें सफलतापूर्वक साक्षर बनाने का प्रयास है। इसके लिए विकास खण्ड पंडरिया के ग्राम पंचायत पेंड्रीकला अपने ब्लॉक को दिए गए परीक्षार्थियों के लक्ष्य को सफलता पूर्वक प्राप्त करने हेतु अथक प्रयास किया जा रहा है।

## टिकरीपारा में होली उत्सव कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला टिकरीपारा संकुल केन्द्र कोठार में छात्र छात्राओं द्वारा एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली पर्व मनाई गई। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा श्रीराधा कृष्ण की वेशभूषा में साज-सज्जा के साथ शानदार मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया साथ ही साथ छात्र छात्राओं ने वाद्य यंत्र का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक श्रीमती आरती पांडेय ने पारंपरिक गीत के साथ वाद्य यंत्र बजाकर विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। श्रीमती अघनिया धुर्वे एवं भूतपूर्व छात्र छात्राओं ने भी होली उत्सव में हिस्सा लिया।

## खबर संक्षेप

### कुर्मी क्षत्रिय समाज ने मनाई होली मिलन व सम्मान समारोह



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज कबीरधाम द्वारा शनिवार को होली मिलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन नवनिर्वाचित जिला सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच नगरी निकाय के अध्यक्ष व पार्षद साथ ही साथ उप निरीक्षक पद पर चयनित हुए पदाधिकारियों द्वारा भव्य होली मिलन व सामाजिक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन वीर स्तम्भ चौंक सिंग्नल चौंक स्थित कुर्मी क्षत्रिय समाज भवन में किया गया। इस दौरान महामंत्री परेटन वर्मा, लक्ष्मण चंद्रवंशी व आयोजक समस्त छत्तीसगढ़ जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज के पदाधिकारी सदस्य गणमान्य नागरिक तथा कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

# बिजली की आंख मिचौली का खेल शुरू, ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किलें

## बिजली से संचालित काम-काज व पढ़ाई लिखाई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

क्षेत्र में इन दिनों बिजली की लचर व्यवस्था से क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में बिजली गुल और लो वोल्टेज की समस्या को लेकर रहवासियो में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार गांव-गांव अब बिजली बंद होने से छात्र-छात्राओं को पढ़ाई-लिखाई बाधित तथा बिजली से संचालित काम-काज ठप व प्रभावित हो रही है। यहा बताना लाजिमी होगा कि बिजली विभाग के कर्मचारियों के मनमानी व बिजली गुल कि समस्या से लोगों को गर्मी व उमस से जूझना पड़ रहा है। सुबह और शाम घंटों बिजली की कटौती से ग्रामीण रहवासियों को भारी दिक्कतों व परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व बिजली विभाग के अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा सुचारू रूप से क्षेत्र में बिजली पूर्ति की मांग की गई ताकि ग्रामीणों को गर्मी व उमस से राहत मिल सकें।

### अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत



ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में बार-बार बिजली गुल व लो-वोल्टेज की समस्या से निजात पाने के लिए शासन प्रशासन व बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा किसी भी प्रकार से पहल नहीं होने से रहवासियों में पिछले कई दिनों बिजली की आंख मिचौली की समस्या से परेशान नजर आ रहे है। साथ ही साथ स्कूली छात्र-छात्राओं की पढ़ाई लिखाई प्रभावित हो रही है। जिस पर बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या को दूर करने की अपील की गई।

# एक दिवसीय अनुसूचित जाति के हितग्राहियों का प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा में शनिवार को एक दिवसीय अनुसूचित जाति के ग्रामीण युवाओं, महिला एवं पुरूषों के उद्यमिता विकास एवं कौशल उन्नयन हेतु प्रशिक्षण का आयोजन अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (औषधीय एवं संगंध फसल) के अंतर्गत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के पादप कार्यिकी कृषि जैव रसायन औषधीय एवं संगंध विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कबीरधाम जिले के ग्राम धरमगढ़, बरबसपुर, बिजई एवं राम्हेपुर कला एवं अन्य गांवो के 50 युवाओं, महिला एवं पुरूषों को प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में वैज्ञानिक डॉ येमन देवांगन द्वारा प्रशिक्षणार्थियो को औषधीय एवं सुगंध फसलों की वैज्ञानिक खेती, समन्वित कृषि प्रणाली, जैसे लेमनग्रास, सिट्रोनेला, पामारोजा, गिलोय, पुदीना, ब्राम्ही, अश्वगंधा, सर्पगंधा, नीम, तुलसी, अदरक, हल्दी, खस, बच की उन्नत खेती की तकनीक, औषधीय महत्व, विभिन्न तैयार होने वाले उत्पादों, बाजार की उपलब्धता एवं मूल्य संवंर्धित सामाग्री जैसे इत्र, साबुन, अगरबत्ती बनाने का जीवंत प्रदर्शन कर दिखाया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य कृषिरत कृषकों, महिलाओं एवं युवाओं की आय में वृद्धि करना है।

तत्पश्चात वैज्ञानिक डॉ एलिस तिर्की, ने विभिन्न सुगंध फसलों जैसे निम्बूघास, सिट्रोलेना, पामारोसा, तुलसी, पान, पुदीना, केवड़ा इत्यादि एवं औषधीय पौधों जैसे अश्वगंधा, काली हल्दी, सर्पगंधा, बच, मण्डूकपर्णी, केंवाच, चरौटा, कालमेघ इत्यादि पौधों की उन्नत किस्मों के गुण, पहचान एवं उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ बीपी त्रिपाठी ने औषधीय एवं सुगंधित पौधों की व्यवसायिक खेती की जानकारी एवं खेती की संभावनाओं की जानकारी दी। साथ ही प्रतिभागियों को कृषि विज्ञान केन्द्र, प्रक्षेत्र नेवारी में समन्वित कृषि प्रणाली अंतर्गत, पशुपालन, मुर्गीपालन, मछलीपालन, बटेर पालन इकाई का भ्रमण कराया गया। प्रशिक्षण में भाग लिए प्रशिक्षणार्थियों को अतिथियो द्वारा प्रमाण पत्र एवं औषधीय पौधे प्रदाय किए गए एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के इंजीनियर टीएस सोनवानी, विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि अभियांत्रिकी, डॉ बीएस परिहार, विषय वस्तु विशेषज्ञ, सस्य विज्ञान एवं डॉ एनसी बंजारा, विषय वस्तु विशेषज्ञ, उद्यानिकी उपस्थित थे।

## ब्रह्माकुमारीज ने नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष, सरपंच एवं पंचगणों का किया सम्मान



**हरिभूमि कुण्डा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ग्राम पंचायत कार्यालय के सामने स्थित स्थानीय सेवा केंद्र द्वारा गुरुवार को नवनिर्वाचित जनपद पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत सरपंच एवं पंचगणों का स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं कबीरधाम जिले में स्थित समस्त ब्रह्माकुमारीज राजयोग सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन ने कहा कि हम सब के परमपिता परमात्मा शिवअविनाशी वैद्य भी है जो हमें सहज ईश्वरीय ज्ञान की बूंद पिलाकर हमारे जीवन को स्वस्थ एवं पावन बना रहे हैं। हम सब मिलकर अपने भारत भूमि को श्रेष्ठ, सम्पन्न और खुशहाल बनाने के लिए कार्य करते रहेंगे। उन्होंने नवनिर्वाचित जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अम्बिका सोनवानी, सरपंच हरेंद्र सिंह चंद्राकर, उप सरपंच मुमताज अहमद एवं पंच वागिस चंद्राकर, कल्याणी सोनवानी, भूपेंद्र चंद्राकर, मनोज भास्कर, कृष्णा बंजारे, श्रीमती गामिनी पन्ना साहू, रमेश सारथी, चैतन्य सोनी, यशवंत चंद्राकर, गंगोत्री भागवत को ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया साथ ही साथ उपस्थित सभी पदाधिकारी व गणमान्य नागरिको ने मिलकर शिव ध्वजारोहण भी किया। नन्हीं कुमारी आराध्या एवं सांची ने शानदार मनमोहक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। राजनांदगांव से पधारी ब्रह्माकुमारी पूनम बहन ने मंच संचालन किया। प्राचार्य गुरदीप सिंह मक्कड़ ने आभार प्रदर्शन, स्थानीय सेवा केन्द्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी सोनिया बहन ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर इस अवसर पर सुरजीत सिंह खनूजा, बाबूलाल चंद्राकर, भागवत साहू, सुंदर सिंह खनूजा, हरचरण सिंह खनूजा, डॉ जोशी ब्रह्माकुमार मुरलीधर सोमानी, रूपेश्वर सहित गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

**हरिभूमि कवर्धा।** भोरमदेव महोत्सव को सजाने जुटा शासन प्रशासन, दो दिवसीय ऐतिहासिक, धार्मिक आयोजन कार्यक्रम 26 व 27 मार्च को।

**न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202503082200029 /अ-20 (1) वर्ष-2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष ठाकुर, वगैरह कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रं.- 16ए भू-खण्ड क्रं.-185 क्षेत्रफल -180.00 वर्गमीटर भूखण्ड का संतोष कुमार, दुर्गा बाई संतोषी बाई आ. दरबारी साकिन कवर्धा के नाम पर पूर्व में निर्धारण+भूमि स्वामी अनुमोदन हुआ है। भूखण्ड पर आवेदक के पैतृक हक से कब्जा होने पर नजूल निर्धारण हेतु प्रस्तुत आवेदन के आधार पर राजस्व निरीक्षक नजूल के द्वारा प्रकरण में किये गये स्थल निरीक्षण में आवेदक को प्रश्नाधीन भूखण्ड पर निम्नानुसार क्षेत्रफल पर कब्जा पाया गया है।

आवेदन उक्त भू-खण्ड को उल्लेखित कब्जेदार के नाम निर्धारण हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 4/4/2025 को नियत की गई है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा पेश करना है। तो स्वयं या वैद्य अभिकर्ता के माध्यम से नियत तिथि के पूर्व कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/03/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 21/3/2025
पेशी तिथि - 4/4/2025

मुहर

नजूल अधिकारी,
कबीरधाम

# विश्व जल दिवस पर चिमरा में निकाली गई भव्य कलश यात्रा रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




शनिवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिमरा में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी विश्व जल दिवस पर छात्र छात्राओं द्वारा जल बचाने गांव में भव्य कलश यात्रा रैली निकालकर ग्रामीणों को जन जागरूक किया। जिस पर प्रधान पाठक दिलीप सिंह ठाकुर ने गंगा मैया कि पूजा कर छात्रों को जल बजट बना कर पानी के सदुपयोग कि सविस्तार जानकारी दी। वहीं शिक्षिका श्रीमती नीलिमा तिवारी, मालती चंद्रवंशी एवं शिक्षक शक्तिवन राय, विष्णु दत्त कौशिक ने जल के महत्व और जल है तो कल है साथ ही भू-जल स्तर बढ़ाने एवं रिचार्ज के विविध आयामों को बताते हुए जल संरक्षण के लिए तालाबों, डबरी और कुआ, नाले तक बच्चों को ले जाकर जल संरक्षण के भौतिक रूप से संरक्षण को विद्यार्थियों को जानकारी दी। वहीं वर्षा जल का संरक्षण विद्यालय व घर पर कैसे किया जा सकता है, इस विषय वस्तु पर शिक्षकों ने मार्ग प्रशस्त किया। बच्चों का चिमरा के मां महामाया मंदिर में गंगा कलश यात्रा का श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षिका श्रीमती ऊषा मिश्रा, सुनीता ठाकुर, ज्योति खरे, रत्ना शर्मा ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई।

## सक्रिय जनप्रतिनिधि की भूमिका निभा रहीं विधायक

# भावना बोहरा को उत्कृष्ट विधायक चुनना नि:संदेह पंडरिया क्षेत्र के लिए गौरव की बात: बालमुकुंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा सत्र 2024-25 में उनकी सक्रियता सहभागिता एवं जनहित के मुद्दों को सदन में रखने हेतु उत्कृष्ट विधायक का सम्मान मिलना पंडरिया क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। जिस पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र 2024-25 के अंतिम दिन शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह उत्कृष्ट विधायकों की घोषणा करते हुए पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा को वर्ष 2024-25 के उत्कृष्ट विधायक के रूप में उनके नाम की घोषणा की।

उन्होंने कहा श्रीमती बोहरा ने वर्ष 2024-25 के अवधि में सम्पन्न हुए बजट सत्र मानसून सत्र एवं शीतकालीन सत्र में विधानसभा में विभिन्न विषयों पर चर्चा के दौरान सक्रियता से भाग लिया वही क्षेत्र एवं प्रदेश से जुड़े ज्वलनशील मुद्दे सहित प्रमुख मुद्दों और जनता के हित को ध्यान में रखते हुए उनकी समस्याओं के समाधान व आवश्यकताओं को लेकर मुखर रही, इस दौरान उन्होंने कई ऐसे विषय भी उठाए जो जनता की मूल भावनाओं से जुड़े हुए थे।

मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी ने कहा श्रीमती बोहरा पंडरिया विधानसभा से विधायक निर्वाचित होने के बाद लगातार जनहित लोकहित के मुद्दे को विधानसभा सदन के पटल में पर मुखरता से अपनी बात रखने सक्रिय जनप्रतिनिधि की भूमिका का निर्वहन करने के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज उत्कृष्ट विधायक के रूप में विधायक भावना बोहरा की नाम की चयन से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र का मान पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में बढ़ा है।